हरिभूमि
बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 23 अक्टूबर 2026
बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया

A TATA PRODUCT

www.tanishq.co.in

TANISHQ

natural Diamonds

presents

Souls in Symphony

Join us for an exclusive Natural Diamond Jewellery Exhibition featuring our latest collection.

23, 24 & 25 October 10 AM Onwards



Flat 0% deduction*on exchange of old gold as low as 9 karat, on purchase of diamond jewellery

Tanishq: Rama Magneto Mall, Shrikant Verma Marg, Bilaspur, Chhattisgarh. Mobile No.: 8223086661, 8223086662, 8223086667

खबर संक्षेप

बेलतरा प्रेस क्लब के सदस्यों ने की धार्मिक यात्रा

बेलतरा। बेलतरा प्रेस क्लब के सदस्यों ने संरक्षक राम रतन कौशिक के नेतृत्व में मथुरा, वृंदावन, गोकुल, बागेश्वर धाम, ओरछा एवं मैहर का भ्रमण किया। सभी सदस्य 14 अक्टूबर रवाना हुए और 17 अक्टूबर को बेलतरा पहुंचे। यात्रा में प्रेस क्लब अध्यक्ष विजय कुमार साहू, सचिव उमलेश जायसवाल, कोषाध्यक्ष राधेश्याम कोरी, संरक्षक संतोष साहू, सह सचिव मनोज निषाद, विकास धीवर शामिल रहे। संरक्षक संतोष साहू, अध्यक्ष विजय साहू सहित यात्रा में गई पूरी टीम ने यात्रा के दौरान हुए आनंद व अनुभव प्राप्त किया। उन्होंने संरक्षक राम रतन कौशिक को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इस तरह की यात्रा से अच्छा अनुभव प्राप्त हुआ। धार्मिक यात्रा कराकर प्रेस क्लब बेलतरा को एक सूत्र में बांधने का अच्छा प्रयास किया गया है।

लापता मासूम की जंगल में मिली लाश

कोरबा। रजगामार बस्ती में रहने वाली एक सात वर्षीय मासूम बच्ची अपने घर से लगभग 300 मीटर दूर दुकान में सामान लेने गई थी। जहां से वह अचानक लापता हो गई थी। पिछले चार दिनों से पुलिस व परिजन मासूम की तलाश में जुटे हुए थे। इस बीच गुरुवार की दोपहर मासूम का शव उसके घर से लगभग 500 मीटर दूर जंगल में एक पेड़ के नीचे से बरामद कर लिया गया है। मासूम के साथ पहले दुष्कर्म कर हत्या करने की आशंका जतायी जा रही है। फिलहाल पुलिस ने अभी इसकी पुष्टि नहीं की है। पुलिस के आला अफसरों का कहना है कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी कि मासूम के साथ कोई अनहोनी हुई है या नहीं। लेकिन जिस परिस्थिति में लाश मिली है इससे यह साफ है कि मासूम की हत्या कर उसकी लाश को ठिकाने लगाया गया है। पुलिस को क्षेत्र में रहने वाले एक युवक पर संदेह है जिसकी सरगर्मी से तलाश में जुटी हुई है। उल्लेखनीय है कि रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत रजगामार बस्ती स्थित करीम पोल्ट्री फार्म में काम करने वाले प्रकाश जोशी की सात वर्षीय मासूम पुत्री भाव्या जोशी 19 अक्टूबर की दोपहर लगभग 2 बजे अपने घर के समीप स्थित दुकान से सामान लेने के लिए निकली थी। इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटी। बच्ची के नहीं लौटने पर परिजन चिंतित हो गए और उसकी तलाश शुरू की। लेकिन काफी देर खोजबीन के बाद भी मासूम का पता नहीं चला। जिसके बाद इसकी सूचना रजगामार पुलिस को दी गई थी। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर पुलिस के आला अधिकारियों की टीम पिछले 4 दिनों से मासूम की तलाश में जुटी हुई थी।

निधन

नीरज द्विवेदी



बिलासपुर। समीपस्थ ग्राम बसिया निवासी नीरज द्विवेदी का 22 अक्टूबर को निधन हो गया। वे 43 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम बसिया में किया गया। वे पं. स्वर्गीय रूप राम द्विवेदी के पुत्र थे।

नलिनी देशपांडे



बिलासपुर। बिलासपुर निवासी प्रधान पाठिका नलिनी देशपांडे का 22 अक्टूबर को छिंदवाड़ा में निधन हो गया। वे 92 वर्ष की थीं। वे स्वर्गीय पद्माकर देशपांडे डिप्टी डायरेक्टर की धर्मपत्नी, सीमा आसोलकर, सपना बक्षी और डॉ शिप्रा बेग दामाद, अनिल असोलकर, राम बक्षी और एम जेड बेग, और नातियों सहित अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर गई हैं।

अहिल्या नामदेव



बिलासपुर। जूना बिलासपुर निवासी अहिल्या नामदेव का 22 अक्टूबर को निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार मधुबन मुक्तिधाम में किया गया। वे राजकुमार नामदेव और गुड्डी नामदेव की माता थीं।

बुंदकुंवर यादव

बिलासपुर। शंकरनगर चुवुहियापारा निवासी बुंदकुंवर यादव का निधन हो गया। वे 86 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को तोरवा मुक्तिधाम में किया गया। वे गेंदूराम यादव की पत्नी, देवनाथ यादव की माता एवं एकांत यादव की दादी थीं।

विसर्जन झांकी देखने लगी दर्शनार्थियों की भीड़

सुबह तक चलता रहा दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन का दौर



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

क्षेत्र में दुर्गा पूजा अत्यंत उल्लास, श्रद्धा और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। विजयादशमी पर्व के बाद दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन समारोह देर रात्रि से प्रारंभ हुआ। जो सुबह 8 बजे तक विसर्जन होते रहा। विसर्जन झांकी देर से शुरू होने के कारण दर्शनार्थियों की भीड़ में कमी रही। रात्रि 11 बजे शुरू हुआ यह विसर्जन जुलूस तड़के सुबह तक अनवरत चलता रहा।

नगर एवं आसपास के क्षेत्रों की सभी छोटी-बड़ी दुर्गा प्रतिमाएं एक-एक कर मण्डी परिसर में एकत्रित हुई। जहां से रात्रि 11 बजे से सुसज्जित रूप में झांकियां आगे बढ़ीं। जुलूस अपने निर्धारित पारंपरिक मार्ग पड़ाव चौक से शुरू होकर परमेश्वरी चौक, मलाई घाट, पुराना बस स्टैंड और पुलपारा होते हुए दाऊपारा पहुंची, जहां से विसर्जन हेतु सुरीघाट एवं रामगढ़ के तालाबों में विसर्जन के लिए ले जाया गया। विसर्जन यात्रा का मुख्य आकर्षण कांतारा की झांकी रही। विभिन्न समितियों द्वारा प्रस्तुत की गई विशेष और कलात्मक झांकियां रहीं। प्रकाश व्यवस्था, जीवंत कलाकृतियों और पौराणिक प्रसंगों पर आधारित इन झांकियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। जुलूस के दौरान गूंजते डीजे के भक्तिमय धुन, ढोल और ताशों की थाप पर श्रद्धालु, युवा और बच्चे भक्ति रस में डूबकर झूमते-नाचते नजर आए।

दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन में उमड़ी भीड़

लोरमी। ग्रामीण अंचल में पंडालों में स्थापित दुर्गा प्रतिमाओ का विसर्जन किया गया। शारदीय नवरात्र के बाद अब पर्व के अंतिम चरण में ग्रामीण क्षेत्रों में बाजे गाजे के साथ की प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। विभिन्न झांकियों के साथ नदी तक नम आंखों से प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा रहा। बुधवार एवं गुरुवार को लोरमी के बाजार मोहल्ला, मजगाव, मुख्य मार्ग स्टेट बैंक के पास, थाना ग्राउंड, गुरुद्वारा चौक, तुलसाघाट, खपरिकला कापादह, ब्रम्हणपारा, चिल्फी, मेंघापारा , गोल्हापारा, सहसपुर, खपरीकला सिंघनपूरी, कुकुरहट्टा, साल्हेघोरी और लगरा सहित विभिन्न ग्रामीण इलाकों में प्रतिमाओं का विसर्जन सिलसिला चलता रहा।



लोहर्सी बस स्टैंड समिति ने निकाली शोभायात्रा



पचपेड़ी। पचपेड़ी क्षेत्र की ग्राम पंचायत लोहर्सी स्थित बस स्टैंड दुर्गा समिति द्वारा मां दुर्गा का विसर्जन पारंपरिक रीति-रिवाज और उत्साह के साथ किया गया। इस दौरान मांडर की थाप पर श्रद्धालु नाचते-गाते हुए पूरे गांव में भ्रमण करते नजर आए। विसर्जन कार्यक्रम में पूरे गांव में भक्तिमय माहौल बना रहा। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि कन्याओं ने अपने सिर पर जावरा धारण कर मांडर की थाप पर नाचते-गाते हुए पूरे गांव का भ्रमण किया। पारंपरिक वाद्ययंत्रों की गूंज और श्रद्धालुओं के उत्साह ने विसर्जन कार्यक्रम को विशेष बना दिया। इस अवसर पर दुर्गा समिति के सभी सदस्य, मोहल्ले की महिलाएं, पुरुष एवं अन्य ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी ने मिलकर मां दुर्गा को भावभीनी विदाई दी और क्षेत्र में सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। पूरे आयोजन में ग्रामीणों की सहभागिता और पारंपरिक संस्कृति के प्रति आस्था देखने को मिली।

नृसिंह मंदिर में कन्या भोज व भंडारा



सकरी। हांफा में स्थित बघर्रा पाठ भगवान नृसिंह मंदिर में शारदीय नवरात्रि की महानवमी पर कन्या पूजन, कन्या भोज एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य पुजारी आचार्य धनेश उपाध्याय द्वारा भगवान नृसिंह और माता दुर्गा की विशेष पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद आचार्य ने अपने पूरे परिवार सहित विधि-विधान से 9 कन्याओं (और लंगूरवा के रूप में एक बालक) का चरण-वंदन किया। कन्याओं के माथे पर कुमकुम और चंदन का तिलक लगाया गया, कलाई पर रक्षा सूत्र (कलावा) बांधा गया और उन्हें उपहार व दक्षिणा भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया कन्या पूजन के उपरांत श्रद्धालुओं द्वारा कन्याओं को खीर, पूड़ी, चना और हलवा का पारंपरिक सात्विक भोग कराया गया। कन्या भोज के बाद दोपहर से विशाल भंडारे का आयोजन शुरू हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने माता का प्रसाद ग्रहण किया। देर शाम तक मंदिर परिसर जय माता दी और 'भगवान नृसिंह की जय' के जयकारों से गूंजता रहा।

धूमधाम से मनाया गया दशहरा उत्सव



मरवाही। अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई के जीत का प्रतीक विजयदशमी का पर्व नगर पंचायत क्षेत्र में बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बरैहा चौक एवं बाजार के मैदान पर 31 फीट के रावण पुतले का दहन किया गया। जय श्री राम के जय घोष, आकर्षक झांकियां और आतिशबाजी से पूरा नगर राममय हो गया। डीजे की धुन पर दुर्गा पंडाल मरवाही से भगवान श्री राम, माता सीता और लक्ष्मण की जीवंत झांकियां निकली गई जो आकर्षण का केंद्र रही। बरैहा चौक में भी आकर्षक झांकियां निकाली गई। विजयदशमी पर्व पर लोगों ने एक दूसरे को सोन पत्ती भेंट का शुभकामनाएं दी, वही नीलकंठ पक्षी के दर्शन को शुभ मानने की परंपरा के चलते लोग उसे देखने के लिए उत्सुक नजर आए। इस अवसर पर दुर्गा प्रतिमाओ का नगर भ्रमण कराकर सोन नदी में विसर्जन किया गया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पंडाल से बस स्टैंड तक दुकानदारों ने दुकान लगाई थी। ऐसा लग रहा था कि यहां पर मेला लगा हुआ है।

जगराता कार्यक्रम में झूमे दर्शक



मोपका। नव युवक दुर्गा उत्सव समिति द्वारा मां अंबे भवानी का जगराता कार्यक्रम हुआ। दर्शकों ने रतजगा कर कार्यक्रम का आनंद उठाया। माता के भजनों का रसपान किया। प्रसिद्ध गायक सूरज श्रीवास तथा लक्ष्मी करियारे व राजकुमार निर्मलकर ने माता की सेवा गीत तथा धार्मिक गीत गाए। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद पंचायत बिल्हा के उपाध्यक्ष विक्रम सिंह तथा सूर्यवंशी समाज के पूर्व महासचिव साखन दर्वे एवं जिला महासचिव व कार्यक्रम संयोजक मनीष सेंगर ने किया। गायक कलाकारों द्वारा माता की स्तुति की। कार्यक्रम के दौरान पहुंचे क्षेत्रीय विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि माता की कृपा से क्षेत्र का विकास हो रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने कहा कि माता के बुलावा पर यहां आकर अच्छा लग रहा है। कार्यक्रम में पहुंचे कांग्रेस नेता त्रिलोक श्रीवास ने कहा कि माता के दरबार में सभी भक्त एक समान हैं। जागरण में माता का ऐश्वर्या की अनुभूति होती है। मध्य रात्रि में पहुंचे जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष विजय केसरवानी व प्रदेश कांग्रेस अजय विभाग के कार्य अध्यक्ष अशोक रजवाल माता का गुणगान किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस महामंत्री अनिल यादव ब्लॉक अध्यक्ष हितेश देवांगन मंडल अध्यक्ष ध्रुव साहू सामाजिक नेता मुरली सूर्यवंशी राजेश सेठी दुर्गा सेठी भागवत जायसवाल ओम सूर्य राकेश राजगीर सनी सूर्य रवि सूर्यवंशी सहित नव युवक के दुर्गा समिति सदस्य उपस्थित थे कार्यक्रम संचालन व आभार पार्षद प्रत्याशी मनीष सेंगर ने किया।



मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ ने सौंपा ज्ञापन

तखतपुर। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका संघ ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम ज्ञापन सौंपकर पांच सूत्रीय मांगों के निराकरण की मांग की है।

इसमें नियमितीकरण होने तक प्रतिमाह 30 हजार रुपये मानदेय, पदोन्नति में आयु सीमा समाप्त करने, समूह बीमा, पेंशन, ग्रेच्युटी एवं पीएफ का लाभ देने की मांग शामिल है। संघ ने आकस्मिक मृत्यु पर परिवार के पात्र सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति, सेवानिवृत्ति पर कार्यकर्ता को 5 लाख और सहायिका को 3 लाख रुपये की आर्थिक सहायता तथा मानदेय में प्रतिवर्ष एक हजार रुपये की वृद्धि की मांग की है। संघ ने मुख्यमंत्री से मांगों पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र निराकरण करने की अपील की है। इस अवसर पर सुचिता शर्मा , सुनीता साहू ,सुनीता यादव, संगीता जायसवाल ,भागमती आशा ठाकुर, पूर्णिमा स्वर्णकार, उमा देवांगन द्वारा ज्ञापन सौंपा गया।

अंडरब्रिज निर्माण अमृत भारत स्टेशन योजना के कार्यों में तेजी लाने सौंपा ज्ञापन

बिल्हा स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव और यात्री सुविधाओं की मांग



बिल्हा। बिल्हा रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव, अंडरब्रिज निर्माण और यात्री सुविधाओं के विस्तार की मांग को लेकर रेलयात्री सुविधा संघर्ष समिति ने सीपीटीएम कुशाग्र मित्तल को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक पहल का आश्वासन दिया।

समिति ने अंबिकापुर एक्सप्रेस और लिंक एक्सप्रेस का पूर्ववत ठहराव बहाल करने के साथ जनशताब्दी एक्सप्रेस और दक्षिण बिहार एक्सप्रेस का स्टॉपेज शुरू करने की मांग की। बिलासपुर–रीवा एक्सप्रेस का दुर्ग तक विस्तार कर बिल्हा में ठहराव देने का प्रस्ताव भी रखा। इसके अलावा प्लेटफॉर्म से लगी रेलवे साइडिंग को अन्यत्र स्थानांतरित करने तथा अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशन भवन निर्माण कार्य में तेजी लाने की मांग की गई।

समिति ने अंडरब्रिज निर्माण सहित अन्य बुनियादी समस्याओं के शीघ्र निराकरण पर जोर दिया। इस अवसर पर प्रकाश बिंदल, अशोक गर्ग, महेश माखीजा, बजरंग अग्रवाल, मनीराम निषाद, राकेश ढोरिया, धनंजय बघेल, सन्नी रेलवानी, अमित तायल, गौरव अग्रवाल और राजा शर्मा सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे।

ब्लाक कांग्रेस की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा



बिल्हा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कमेटी के पदाधिकारियो एवं मंडल सेक्टर अध्यक्षों की बैठक स्थानीय रेस्ट हॉउस में हुई। बैठक में पूर्व विधायक सियाराम कौशिक ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की असली ताकत होते है। उनकी जिम्मेदारी भी महत्वपूर्ण होती है। स्मार्ट मीटर के विरोध एवं बढ़ी बिजली की दरो के बारे में भी चर्चा की गई।

ब्लॉक अध्यक्ष गीतांजलि कौशिक ने कहा कि छतीसगढ़ ही बिजली का उत्पादन करता है। बढ़ी बिजली दर के माध्यम से सरकार जनता पर अत्याचार कर रहीं है। बैठक में शनिवार के दिन पूर्व उप मुख्य मंत्री टीएस. सिंहदेव के भेंट मुलाक़ात कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने के निर्देश दिए गए। बैठक का संचालन आशु निर्मलकर ने किया। इस अवसर पर विमल अग्रवाल, विपिन राजपाल, जागेश्वरी वर्मा हजारी भारद्वाज, लालू सन्नाट, खम्मन रात्रे,रोहणी अग्रवाल राधेश्याम साहू, अंकुश ठाकुर, जीवन यादव राजू ध्रुव रूपेंद्र वर्मा, जगन्नाथ धुरवंशी, राजेंद्र वर्मा, संगीता यादव पार्षद लाला यादव मुकेश ध्रुव, अश्वनी जायसवाल, होरी लाल, प्रदीप सन्नाट निखाद राज निषाद इकबाल सलूजा,कान्हा शर्मा हरिशंकर मिश्रा, संतोष कौशिक सहित पदाधिकारी उपस्थित रहें।

रामलला के दर्शन के लिए 64 श्रद्धालु अयोध्या रवाना



मुंगेली। श्रीरामलला दर्शन योजना के तहत जिले के 64 श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम में प्रभु श्रीरामलला के दर्शन के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने श्रद्धालुओं का सम्मान कर हरी झंडी दिखाकर उन्हें बिलासपुर रेलवे स्टेशन के लिए रवाना किया। श्रीरामलला के दर्शन की अभिलाषा पूरी होने की खुशी श्रद्धालुओं के उत्साह और उल्लास में झलकी। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, जनपद पंचायत के अध्यक्ष रामकमल सिंह परिहार, जिला पंचायत सभापति उमाशंकर साहू, जनपद पंचायत मुंगेली के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संतोष घोसले उपस्थित रहे। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने दर्शनार्थियों का पुष्पाहार सम्मान किया और हरी झंडी दिखाकर उन्हें बिलासपुर रेलवे स्टेशन के लिए रवाना किया।

स्टेट सब-जूनियर बैडमिंटन की चयन स्पर्धा 25 को

कोरबा। योनेक्स सनराइज 25वीं स्टेट सब-जूनियर (अंडर 15 व 17 वर्ष बालक-बालिका) बैडमिंटन चैंपियनशिप-2026 का आयोजन किया जाना है। इसमें कोरबा जिले का प्रतिनिधित्व करने बैडमिंटन टीम चयन किया जाएगा। इसके लिए कोरबा जिला बैडमिंटन संघ (केडीबीए) के तत्वावधान में सिलेक्शन ट्रायल रखा गया है। यह चयन स्पर्धा आगामी रविवार 25 अक्टूबर को एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना में आयोजित किया जाएगा। कोरबा जिला बैडमिंटन संघ (केडीबीए) के सचिव मनीष गुप्ता ने बताया कि इच्छुक और योग्य खिलाड़ियों को 23 अक्टूबर तक अपनी एंट्री दर्ज कराने कहा गया है।

राष्ट्रीय स्तर पर दिल्ली में खेलेंगे डीएवी के खिलाड़ी



बिल्हा। डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल गोढ़ी के विद्यार्थियों का चयन जूडो एवं ताइक्वांडो की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ है। विद्यालय के विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए दिल्ली रवाना हो रहे हैं। राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले विद्यार्थियों में रोशन नेताम, बादल साहू, घनेन्द्र डहरिया, अंकित कुमार राय, अमन रात्रे, श्रेष्ठ सिंह, संस्कार सूर्यवंशी, शिवम सिंह, लोकेश पाल सहित अन्य विद्यार्थी शामिल हैं।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस एन पाण्डेय ने कहा कि जीत और हार खेल का हिस्सा हैं, लेकिन ईमानदारी, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन ही सच्चे खिलाड़ी की पहचान है। बच्चों के साथ विद्यालय के खेल शिक्षक हितेश कुमार गए हैं।

न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)
ईश्तहार
कमांक/Q/तह./वा./2026
बिलासपुर, दिनांक 08/10/2026
ग्राम जूना बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 111 रकबा 1036.6 वर्गफीट भूमि चौहद्दी उत्तर में उत्तर में गुरुद्वारा दक्षिण में निस्तारी रास्ता पूर्व श्री राज का घर पश्चिम मुनीष इटमजानी का घर है, आवेदन अनुसार आवेदक को पूर्वजों खरीदी से दिनांक //.... को खरीदी से आवेदन अनुसार आवेदक श्रीराम नारायण भड़कमकर पिता स्व. नारायण दत्तात्रय भड़कमकर निवासी निवासी कृष्णा नगर जूना बिलसापुर तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा कब्जा प्रमाण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।
यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनॉक 30/10/2026 को सुबह 11:00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।
आज दिनॉक 08/10/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।
तहसीलदार
बिलासपुर, (छ.ग.)

न्यायालय : श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 01 (वरिष्ठ श्रेणी) कोटा जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
//ज्ञापन//
प्र.क्र. 6/26
आदेश दिनांक - 22-9-26
पेशी दिनांक -26-10-26
प्रोसेस क्रमांक - 481/26
इस न्यायालय में लम्बित प्रकरण क्रमांक 6/26 पक्षकार मिनाक्षी चतुर्वेदी विरुद्ध आम जनता वगैरह में आवेदक ने उत्तराधीकार प्रमाण पत्र हेतु वाद प्रस्तुत किया है, अनावेद, क्रमांक 01 आम जनता जिसे आपत्ति हो न्यायालय में दिनांक 26/10/2026 को 11 बजे उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करें अनुपस्थिति में न्यायालय एक पक्षी कार्यवाही करते हुए अग्रीम कार्यवाही की जावेगी। की उपस्थिति हेतु न्यायालय के आदेश: अनुसार दैनिक समाचार पत्र में नोटिस का प्रकाशन कराना चाहते है। प्रकाशन पर होने वाले राशि आवेदकगण से अग्रीम प्राप्त कर लेंगे प्रकाशन व्यय की कोई जवाबदारी न्यायालय की नहीं होगी।
अत: नियत पेशी दिनांक 26/10/26 से पूर्व आप समाचार पत्र में ईश्तीहार/ नोटिस समंस का प्रकाशन करें समाचार पत्र की एक प्रति आवेदक के माध्यम से इस न्यायालय में प्रेशित करें।
दिनॉक: 30-9-26, कोटा
(श्रीमती दीप्ति बरवा)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बिलासपुर के अतिरिक्त न्यायाधीश कोटा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
// ईश्तहार //
एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका असित कुमार श्रीवास्तव पिता/पति महेन्द्रनाथ श्रीवास्तव निवासी हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी मंगला बिलासपुर तहसील सकरी जिला-बिलासपुर के द्वारा ग्राम अमेरी प.ह.नं.-43 तहसील सकरी, जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 17/35 रकबा 0.0220 हे. विद्यमान अप्राधिकृत/ गलत/ अशुद्ध / प्रविष्टि के संबंध में अभिलेख को शुद्ध कर राजस्व अभिलेखों में दर्ज किये जाने आवेदन पत्र माननीय न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तखतपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण जाँच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।
उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/ आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 6.11.2026 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।
आज दिनांक 21.10.26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।
नायब तहसीलदार
सकरी

आम सूचना/नोटिस
मैं अपने पक्षकारगण श्री चन्द्र कुमार साहू, 2. श्री राज कुमार साहू 3. श्री हेमन्त साहू द्वारा अधिकृत होकर एतद् द्वारा इस आम सूचना के माध्यम से सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार के स्वामित्व एवं आधित्य की परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 1023/1 रकबा 800 वर्गफुट एवं 1023/2 रकबा 1600 वर्गफुट भूमि मौजा तोरवा प.ह.नं. 37 रा.नि.मं. जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित है, जिसे क्रय करने हेतु मयंक चौधरी पिता श्री राजेश कुमार चौधरी ने दिनांक 10/02/2026 को इकरारनामा निष्पादित करते हुए बतौर एडवांस राशि प्रदान किया गया है तथा उक्त भूमि की रजिस्ट्री इकरारनामा दिनांक से पाँच माह अर्थात 10/07/2026 तक करा लेने का वचन दिया गया है। किंतु आज दिनांक तक उक्त भूमि की रजिस्ट्री नहीं करा पाये है, और न ही किसी तरह की अभिरूचि लिया जा रहा है। आप मयंक चौधरी के इस कृत्य से मेरे पक्षकार को मानसिक एवं आर्थिक नुकसानी हो रहा है।
अत: इस आम सूचना / नोटिस के माध्यम से आप मयंक चौधरी को सूचित किया जाता है कि, इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर उपरोक्त इकरारशुदा भूमि की बकाया राशि प्रदान करते हुए रजिस्ट्री करा लेवे, नहीं करा पाने की स्थिति में निष्पादित इकरारनामा अवैध, शून्य एवं निरस्त हो जायेगी तथा प्रदान की गई बयाना डूब जायेगी। मेरा पक्षकार उक्त भूमि को किसी भी व्यक्ति, संस्थान, बैंक, समिति आदि के पास बय-बिक्री करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।
सो सूचना जानें।
मदन लाल यादव
(अधिवक्ता)
पता-हाउसिंग बोर्ड कालोनी परसदा (सकरी)
बिलासपुर छ.ग. मो.नं. 9907925514,

तापमान

अधिकतम 31.6 डिग्री

न्यूनतम 20.6 डिग्री

हरिभूमि

बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



4 जनगणना को गंभीरता से लें अधिकारी-कर्मचारी



खबर संक्षेप

गुड़ी में श्रीराम चरित मानस सम्मेलन आज से

सीपत। ग्राम गुड़ी में मानस प्रचार प्रसार समिति के तत्वावधान में तीन दिवसीय श्रीराम चरित मानस सम्मेलन एवं रामकथा का आयोजन 23 अक्टूबर से किया जा रहा है। ग्राम स्थित कमल-छाया श्याम फार्म हाऊस में प्रतिदिन सायं 7 से रात्रि 12 बजे तक प्रवचन संपन्न होगा। प्रवचन में पं. उर्वशीनंदन शास्त्री गुड़ी, पं. देवी प्रसाद त्रिपाठी (कानपुर), अंजलि किशोरी मानस उपासिका श्रीराम अयोध्या, डॉ पं. रामगोपाल तिवारी मानस रत्न बांदा के विद्वान शामिल होंगे। यह जानकारी समिति के अभिलेश यादव, मन्नू सिंह एवं हरिकेश गुप्ता ने दी।

पिता से मारपीट, पुत्र के खिलाफ जुर्म दर्ज

तखतपुर। पिता के साथ बेटे ने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। मामले में पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में ले लिया है। पुलिस के अनुसार ग्राम लिम्हा निवासी तिरोत्तम गोस्वामी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 21 अक्टूबर की रात करीब 8:20 बजे उन्होंने अपने बड़े बेटे सूरज बन गोस्वामी को फोन कर घर आने और परिवार के साथ खाना खाने के लिए कहा। आरोप है कि इस पर बेटे ने फोन पर गाली-गलौज करते करते हुए घर आकर अपने पिता के साथ मारपीट कर दी। इस मामले में पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 115(2), 296, 351 (2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में ले लिया है।

भ्रमण के लिए जिप्सी और रिसॉर्ट दोनों हो जाएंगे शुरू

एक नवम्बर से खुलेगा एटीआर का गेट 100 से अधिक की आनलाइन बुकिंग

अचानकमार टाइगर रिजर्व में चार माह से बंद गेट का दरवाजा आठ दिन बाद एक नवम्बर से ओपन कर दिया जाएगा, जहां भ्रमण करने के लिए 100 से अधिक आनलाइन बुकिंग वर्तमान में की जा चुकी है। इसमें सैलानियों को भ्रमण कराने के लिए जिप्सी के साथ आराम के लिए रिसॉर्ट के भी बंद दरवाजे खोल दिए जाएंगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अचानकमार टाइगर रिजर्व में कोर जोन का भ्रमण और सफारी सहित रिसार्ट की बुकिंग बारिश के मौसम से चार माह तक बंद कर दिया गया था। बारिश के मौसम में वन्यप्राणियों के ब्रीडिंग के दौरान गाड़ियां चलने के कारण समस्या भी आती है। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी चार माह के लिए एटीआर के कोर जोन में भ्रमण और सफारी की सुविधा को बंद किया गया था। बफर जोन में ग्रामीणों सहित अन्य लोगों का आना-जाना चलता रहा। चार माह की अवधि आठ दिन बाद 31 अक्टूबर को समाप्त हो रही है। एक नवम्बर से एटीआर प्रबंधन को सफारी की सुविधा के साथ कोर जोन का रास्ता भी ओपन करना है। प्रबंधन के अनुसार कोर जोन में जिस रास्ते पर सफारी में सैलानी भ्रमण करने के लिए निकलते हैं, वहां करीब 25 से 30 किलोमीटर की जर्जर हो चुकी सड़क का सुधार कार्य कर लिया गया है। इस सड़क पर सीसी रोड का निर्माण नहीं किया जा सकता है, जिसके कारण मुरुम बिछाने और मरम्मत कार्य किया गया है, ताकि उस सड़क पर चलने वाली जिप्सी में सवार सैलानियों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। प्रबंधन ने सभी समिति के सदस्यों को अपनी-अपनी सफारी को शुरू करने की तैयारी का आदेश जारी कर दिया है। इस दौरान 1 नवम्बर से एटीआर के गेट ओपन होने से पहले भ्रमण करने वाले सैलानियों में काफी उत्साह है। अब तक 100 से अधिक सैलानियों की रिसॉर्ट और जिप्सी के लिए बुकिंग हो चुकी है, जिसमें दो शिफ्ट सुबह 6 से 9 बजे और दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक का समय भ्रमण के लिए निर्धारित किया गया है।



प्राथमिकता क्रम में वाहन और कमरे

ऑनलाइन बुकिंग के आधार पर प्राथमिकता क्रम में वाहन और कमरे उपलब्ध कराए जाएंगे। बीटा वर्जन से प्राप्त फीडबैक के आधार पर वेबसाइट को अंतिम रूप दिया जाएगा। सभी सैलानियों से अनुरोध किया गया है कि वे वेबसाइट में सुधार के लिए अपने सुझाव एटीआर प्रबंधन को ऑनलाइन संपर्क नंबर या बुकिंग काउंटर के माध्यम से दें। इन सुझावों के आधार पर आने वाले सैलानियों के लिए इसे और बेहतर बनाया जाएगा।

सड़क की मरम्मत

एटीआर प्रबंधन के अनुसार अचानकमार टाइगर रिजर्व के कोर जोन का रास्ता चार माह तक बंद रहता है। इस दौरान बारिश की वजह से सड़क भी प्रतिवर्ष खराब हो जाती है। बारिश थमने के बाद सड़क की मरम्मत और अन्य कार्य करा दिए गए हैं, ताकि जिप्सी का परिचालन उसमें किया जा सके।

केंवची गेट भी होगा ओपन

अचानकमार टाइगर रिजर्व में कोर जोन में भ्रमण करने के लिए शिवतराई के अलावा एक नया गेट केंवची में भी बनाया गया है। इस गेट को अंतिम स्वरूप देने के बाद एक नवम्बर से शुरु करने का निर्णय पहले लिया गया था, लेकिन वर्तमान एटीआर के डिप्टी डायरेक्टर के ट्रेनिंग में जाने की वजह से इस गेट को एक नवम्बर के बजाय सप्ताह में किसी भी दिन ओपन करने की योजना बनाई जा रही है, ताकि सैलानी अमरकंटक और लोरमी की ओर से भी प्रवेश कर सकें।

जिप्सी और रिसॉर्ट सहित गेट ओपन

शिवतराई गेट से सैलानियों का प्रवेश होगा। इसके साथ ही केंवची का गेट भी बनाया गया है, जिसकी ओपनिंग की जाएगी। खराब सड़क को बना लिया गया है, जिससे सैलानियों को भी किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। गेट के साथ जिप्सी और रिसॉर्ट को भी एक नवम्बर से ओपन कर दिया जाएगा।

-तन्मय कौशिक
प्रभारी डीएफओ, एटीआर

युवा उत्सव के लिए 30 तक करा सकेंगे पंजीयन

मुंगेली। जिले के युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और कला-संस्कृति के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय युवा उत्सव 2026-27 का आयोजन किया जा रहा है। इसमें युवाओं को विभिन्न विधाओं में अपनी रचनात्मकता, सांस्कृतिक प्रतिभा और नवाचार प्रस्तुत करने का मंच मिलेगा। इच्छुक प्रतिभागी 30 अक्टूबर तक अपने विकासखंड के नोडल अधिकारियों से संपर्क कर पंजीयन करा सकते हैं। वरिष्ठ खेल अधिकारी ने बताया राज्य स्तरीय आयोजन 01 से 07 दिसंबर के मध्य दो दिवसीय कार्यक्रम के रूप में बिलासपुर जिले में आयोजित किया जाएगा। जिला स्तरीय युवा उत्सव 2026-27 में कुल नौ विधाओं को शामिल किया गया है। इनमें विकसित भारत चौलेंज ट्रैक, लोक नृत्य, लोकगीत, चित्रकला, कविता लेखन, नुक्कड़ नाटक, क्रिएटिव यूथ रील चौलेंज, पारंपरिक वेशभूषा और रॉक बैंड शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सभी विधाओं में 15 से 29 वर्ष तक के प्रतिभागी तथा 18 से 40 वर्ष तक के संगतकार हिस्सा ले सकते हैं। आयु की गणना 17 अगस्त 2026 की स्थिति में की जाएगी। पंजीयन के लिए विकासखंड पथरिया में अशोक कुमार यादव, व्यायाम शिक्षक, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलतरा तथा निर्मल जांगड़े, व्यायाम शिक्षक, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मदकू से सम्पक कर सकते हैं। इसी तरह विकासखंड लोरमी में सुबोध कुमार सिंह, व्यायाम शिक्षक, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोड़खाम्ही तथा रामनारायण सिंह राजपूत, व्यायाम शिक्षक, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरसल और विकासखंड मुंगेली में जावेद कोशले, व्यायाम शिक्षक, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दशरंगपुर तथा राजेन्द्र साहू, व्यायाम शिक्षक, सेजेस दाउपारा, मुंगेली से सम्पर्क कर पंजीयन करा सकते हैं।



अघरिया पारा में शासकीय भूमि पर कब्जा, ग्रामीणों ने की शिकायत

तखतपुर। विकासखंड के ग्राम बरगन (रैयत) के आश्रित ग्राम अघरिया पारा में शासकीय भूमि, सामुदायिक भवन के आसपास की जमीन एवं वनभूमि पर कथित कब्जे को लेकर विवाद सामने आया है। ग्रामीणों ने राजस्व अनुविभागीय अधिकारी तखतपुर को लिखित शिकायत सौंपकर मामले की जांच कराने तथा संबंधित भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है।

शिकायत में ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि गांव में स्थित सामुदायिक भवन के पास शासकीय भूमि पर कब्जा किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, सामुदायिक भवन का उपयोग सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए किया जाता है। इसके अलावा, भवन में शासकीय उचित मूल्य की दुकान संचालित होने की बात भी शिकायत में कही गई है। भवन के सामने स्थित मैदान का उपयोग ग्रामीण सामूहिक गतिविधियों के लिए करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त भूमि का उपयोग पहले गांव के सार्वजनिक कार्यों तथा मवेशियों के चारागाह के रूप में भी किया जाता था। शिकायतकर्ताओं के अनुसार, गांव में सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए पर्याप्त सार्वजनिक स्थान उपलब्ध नहीं होने के कारण इस भूमि का संरक्षण आवश्यक है।

धमकी देने का लगाया आरोप

शिकायत में राजेंद्र पुरी गोस्वामी, पिता लक्ष्मण पुरी तथा रामेश्वर पुरी गोस्वामी, पिता राजेंद्र पुरी के विरुद्ध शासकीय भूमि पर कब्जा करने का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों का दावा है कि भूमि के उपयोग को लेकर विरोध करने पर उन्हें गाली-गलौज करने तथा राजनीतिक पहुंच का हवाला देकर धमकाने की बात कही जाती है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि संबंधित भूमि पर पूर्व में भी कब्जे की स्थिति बनी थी। उनका कहना है कि सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर किसी भी प्रकार का निजी कब्जा होने से गांव के सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन में परेशानी हो सकती है।

वनभूमि पर भी कब्जे की शिकायत

शिकायतकर्ताओं ने वनभूमि पर पौधे लगाकर झोपड़ी बनाने और जमीन पर कब्जा करने का आरोप भी लगाया है। ग्रामीणों के अनुसार, उक्त भूमि को लेकर विवाद की स्थिति बनी हुई है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि गांव के आसपास कथित रूप से अवैध नशे का कारोबार किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों एवं बच्चों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। इन आरोपों की भी जांच की आवश्यकता बताई गई है।



खबर संक्षेप

सीएचओ कमलेश्वरी के परिजन को मिली अनुकंपा नियुक्ति

मुंगेली। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मानव संसाधन नीति के तहत दिवंगत संविदा कर्मचारी के आश्रित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) स्वर्गीय सुश्री कमलेश्वरी साहू के आकस्मिक निधन के पश्चात उनके पिता अर्जुन लाल साहू को 50 हजार रुपये की एकमुश्त राशि अनुकम्पा अनुदान के रूप में प्रदान की गई है। सीएमएचओ ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत मुंगेली विकासखंड स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र धरमपुरा में सुश्री कमलेश्वरी साहू सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के पद पर कार्यरत थीं। उनका आकस्मिक निधन 18 अक्टूबर को हो गया। उनके निधन से परिवार को हुई क्षति के बीच राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मानव संसाधन नीति के प्रावधानों के अनुरूप उनके आश्रित परिवार को आर्थिक सहायता देने की प्रक्रिया पूरी की गई। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मानव संसाधन नीति-2018 के कंडिका क्रमांक 43 में संविदा कर्मचारी की आकस्मिक मृत्यु पर अनुग्रह भुगतान का प्रावधान किया गया है।

कलेक्टर ने ली अफसरों की बैठक

जनगणना को गंभीरता से लें अधिकारी-कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी अमृत विकास तोपनो ने जनगणना-2027 से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी प्रशिक्षण को गंभीरता से लें, पूरी प्रक्रिया को अच्छी तरह समझें और अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी के साथ करें, ताकि जनगणना का कार्य निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप व्यवस्थित एवं प्रभावी तरीके से संपन्न हो सके। जनगणना-2027 के आगामी चरण की तैयारियों को मजबूत करने के उद्देश्य से जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जनगणना कार्यालय द्वारा नियुक्त प्रशिक्षकों विद्यानंद और विक्रम ने जिला एवं चार्ज स्तर के जनगणना अधिकारियों तथा कर्मचारियों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण का उद्देश्य जनगणना की प्रक्रिया, कार्यप्रणाली और संबंधित दायित्वों के प्रति अधिकारियों-कर्मचारियों की समझ को मजबूत करना है।

कलेक्टर श्री तोपनो ने जनगणना कार्य की महत्ता को रेखांकित करते हुए प्रशिक्षण की उपयोगिता पर जोर दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी प्रशिक्षण के प्रत्येक पहलू को गंभीरता से समझें, ताकि मैदानी स्तर पर कार्य करते समय किसी प्रकार की भ्रम की स्थिति न रहे। जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में सटीक आंकड़ों का संकलन, निर्धारित प्रक्रिया का पालन और विभागीय समन्वय बेहद आवश्यक है। सभी संबंधित अधिकारी अपने दायित्वों को स्पष्ट रूप से समझते हुए समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित कार्य सुनिश्चित करें। अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी ने बताया कि जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 01 मई से 30 मई तक संपन्न किया जा चुका है। अब द्वितीय चरण के अंतर्गत जनवरी-फरवरी 2027 में जनसंख्या गणना का मैदानी कार्य किया जाएगा। आगामी चरण को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समय रहते प्रशिक्षित किया जा रहा है। इससे मैदानी स्तर पर कार्यों के संचालन, निर्धारित दिशा-निर्देशों के पालन और संबंधित इकाइयों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में मदद मिलेगी।

इस अवसर पर अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, अंजोर सिंह पैकरा, मुंगेली एसडीएम मायानंद चंद्रा, पथरिया एसडीएम श्रीमती रेखा चंद्रा तथा लोरमी एसडीएम अभयजीत सिंह मंडावी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी प्रीतेश अहिरवार, अनुविभागीय जनगणना अधिकारी, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, जिला जनगणना सहायक तथा तकनीकी सहायक सहित जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए।

जिपं सीईओ ने परखी वीबीजी-रामजी के कार्यों की गुणवत्ता



मुंगेली। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाने, स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण करने और गांवों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत बनाने के उद्देश्य से संचालित विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (वीबीजी-रामजी) अंतर्गत जिले में चल रहे कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे ने विभिन्न ग्राम पंचायतों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति, तकनीकी गुणवत्ता और निर्धारित मापदंडों के पालन का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों को आवश्यक निर्देश दिए।

जनपद पंचायत मुंगेली के ग्राम पंचायत कोना में प्रगतिरत सॉइल कन्जर्वेशन ट्रीटमेंट (एससीटी) कार्य का निरीक्षण किया गया। सीईओ श्री रावटे ने मिट्टी के कटाव को रोकने के उद्देश्य से बनाई जा रही संरचनाओं की तकनीकी मापदंडों के अनुरूप जांच की। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने और निर्माण को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि मिट्टी संरक्षण के उद्देश्य को प्रभावी ढंग से पूरा किया जा सके। जनपद पंचायत लोरमी के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोतरी एवं बिठलदह में नए तालाब निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। वहीं, ग्राम पंचायत विचारपुर में आजीविका डबरी तथा ग्राम पंचायत धोबघट्टी में बालिका शौचालय और वाटर स्टॉर्म ड्रेन निर्माण कार्यों की स्थिति का जायजा लिया गया। सीईओ ने तालाबों की जलभराव क्षमता, आजीविका डबरी से खेतों तक पानी की उपलब्धता तथा बालिका शौचालयों में छात्राओं की सुविधा को प्राथमिकता में रखते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित सरपंचों एवं सचिवों से कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के साथ उपयोगिता पर भी विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि तैयार परिसंपत्तियों का लाभ ग्रामीणों को लंबे समय तक मिल सके। निरीक्षण के दौरान श्री रावटे ने सभी कार्यों में निर्धारित तकनीकी मानकों का पालन, पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। साथ ही, मजदूरों को समय पर मजदूरी भुगतान सुनिश्चित करने और जॉब कार्डधारी श्रमिकों को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान सहायक परियोजना अधिकारी, संबंधित जनपदों के कार्यक्रम अधिकारी, तकनीकी सहायक, ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

ट्रेलर की टक्कर से युवक की मौत

कोरबा। नगर पंचायत छुरी स्थित स्कूल के पास एक ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान राकेश रजक पिता विदेशी रजक, निवासी दर्री के रूप में की गई। बताया जा रहा है कि राकेश छुरी से अपने घर दर्री लौटने के लिए निकला था। इसी दौरान नगर पंचायत छुरी के स्कूल के पास ट्रेलर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

नाबालिग की हत्या के मामले में दो गिरफ्तार



मुंगेली। जिले के थाना सिटी कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम नेवासपुर में 17 वर्षीय नाबालिग की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु के मामले में मुंगेली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

20 अक्टूबर की रात्रि ग्राम नेवासपुर निवासी बुजुर्ग को सूचना मिली कि उनकी 17 वर्षीय नातिन अपने बिस्तर पर बेहोशी की हालत में पड़ी है तथा आवाज देने पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रही है। मौके पर पहुंचकर परिजनों ने बालिका को अचेत अवस्था में पाया। उसके गले पर चोट एवं खरोंच के निशान तथा दाहिने हाथ और पैर में धब्बेनुमा निशान पाए गए। पुलिस विवेचना में मृतका का पूर्व में ग्राम लिलवाकापा निवासी अजीत घृतलहरे के साथ प्रेम संबंध होना तथा दोनों के बीच विवाद की जानकारी सामने आई। पूछताछ में अजीत घृतलहरे ने बताया कि वर्ष 2021 से बालिका के साथ उसका प्रेम संबंध था तथा दोनों परिवारों के बीच बालिग होने पर विवाह को लेकर चर्चा चल रही थी। 16 अक्टूबर को हैदराबाद से अपने गांव लौटने के बाद आरोपी ने अपने साथी साहिल खाण्डे को बताया कि बालिका दूसरे युवक के संपर्क में है। 19 अक्टूबर की रात्रि अजीत अपने साथी साहिल के साथ बाइक से ग्राम नेवासपुर पहुंचा। वह घर की दीवार फांदकर अंदर प्रवेश किया। घर के अंदर बालिका को फोन पर किसी से बात कर रही थी। इस पर उनके बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों के बीच हाथापाई हुई और दोनों निर्माणाधीन कमरे में गिर गए। इसी दौरान आरोपी ने बालिका का गला को दोनों हाथों से दबा दिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने मामले में धारा 238 एवं 3(5) बीएनएस जोड़कर घटना में प्रयुक्त बाइक होंडा लियो, क्रमांक सीजी 28 जे 7143 को जब्त कर आरोपी अजीत घृतलहरे पिता शिवकुमार, उम्र 22 वर्ष, साहिल खाण्डे पिता दिलीप, उम्र 20 वर्ष, दोनों निवासी ग्राम लिलवाकापा को गिरफ्तार कर किया गया।

ग्राम जुनवानी में नवधा रामायण 26 से

मल्हार। ग्राम जुनवानी में लगातार दसवें वर्ष 26 अक्टूबर से 5 नवंबर तक नवधा रामायण का आयोजन किया जाएगा। श्रीअखंड नवधा रामायण समिति के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में आचार्य के रूप में मल्हार निवासी रविशंकर तिवारी उपस्थित रहेंगे। समिति के संरक्षक एवं पूर्व उपसरपंच अमीन खान ने बताया कि प्रतिवर्ष कार्तिक मास के अवसर पर आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर ग्रामवासियों में विशेष उत्साह है। आयोजन समिति में घनश्याम रजक, रामलाल रजक, अजय कुमार रजक, संजय रजक, राज पटेल, दिलीप रजक, सहित संतोष, सत्यम, प्रमोद, विधिराम, राजकुमार, झुकू रजक, शत्रुघ्न यादव, जेठूराम, हरप्रसाद, लखन, अब्दुल, नजीर, नसीर, जावेद और आबिद खान सहित अन्य लोग शामिल हैं।





हरिभूमि
बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 23 अक्टूबर 2026
[बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया]

HARPAL TOWER
3bhk Luxury Lifestyle Apartments

BILASPUR'S MOST AWAITED REAL ESTATE PROJECT
FEATURING THE BIGGEST OFFER EVER!

A PROJECT BY
RAJ CONSTRUCTION



AUSPICIOUS BEGINNINGS
EXTRAORDINARY LIVING

Celebrate This Festival with a more rewarding way to own your dream home.

PREMIUM 3 BHK LIFESTYLE APARTMENTS

FREE FALL CEILING
FREE MODULAR KITCHEN
₹ 1 LAKH CASH DISCOUNT

LIMITED APARTMENT



PROJECT BY
RAJ CONSTRUCTION
#NayeBilaspurKiPehchaan

LIMITED TIME OFFER
BOOK NOW

360°
SCAN TO EXPLORE THE APARTMENT IN 360°

OUTDOOR AMENITIES
ENTRANCE GATE | COVERED CAR PARKING | SEPARATE TRANSFORMER | 24 - HOURS WATER SUPPLY | EV CHARGING PROVISION | RAIN WATER HARVESTING | SOLAR STREET LIGHT

INDOOR AMENITIES
PODIUM GARDEN | GAZEBO | MULTIPURPOSE SPORTS TURF | JOGGING TRACK | CHILDREN PLAY AREA

More Amenities to experience

Follow us on Instagram

Tnc Rera Approved
PCGRERA050326002049
https://reracgstate.gov.in

TERMS AND CONDITIONS APPLIED

ASHOK NAGAR, BIRKONA ROAD,
BILASPUR, CHHATTISGARH

9424 171 234
7354 498 765

हरिभूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 23 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



प्रेसवार्ता

200 साल पुराने समाज की कहानी पर्दे पर उतारेगी फिल्म 'मालगुजार'



बिलासपुर। छत्तीसगढ़ के इतिहास, सामाजिक व्यवस्था और पारंपरिक जीवनशैली को अब फिल्मी पर्दे पर जीवंत करने की तैयारी है। फिल्म 'मालगुजार' के जरिए करीब 100 से 200 वर्ष पुराने दौर के रहन-सहन, सामाजिक संबंधों और उस समय की परिस्थितियों को दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। फिल्म में सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक बदलावों के साथ जातिगत भेदभाव और जमीन से जुड़े मुद्दों को भी कहानी का हिस्सा बनाया जाएगा। फिल्म के निर्देशक हेमलाल चतुर्वेदी ने बताया कि 'मालगुजार' ऐतिहासिक और सामाजिक पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म है। इसका उद्देश्य उस दौर के समाज, परंपराओं और लोगों के जीवन को पर्दे पर उतारना है। समय के साथ सामाजिक व्यवस्था और परिवेश में आए बदलावों को समझने के लिए अतीत की परिस्थितियों को सामने लाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि वास्तविक घटनाओं और सामाजिक विषयों पर आधारित कहानियों में उनकी विशेष रुचि रही है। इसी सोच के साथ फिल्म की कहानी तैयार की गई है। फिल्म को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता में निर्माता एवं मुख्य कलाकार सनत कुमार दिव्य, निर्देशक हेमलाल चतुर्वेदी और दीप म्यूजिक के संचालक उमेश दीप सहित फिल्म से जुड़े अन्य लोग उपस्थित रहे।

आयोजन

बालिकाओं ने संदेशात्मक रंगोली बना कर सजाई थाली



बिलासपुर। लीनेस क्लब बिलासपुर सत्कार ने जूना बिलासपुर कतियापारा में रंगोली बनाओ, मेहंदी रचाओ, थाली सजाओ प्रतियोगिता तीन चरणों में आयोजित की। इसमें बालिकाओं ने बड़ी संख्या में उत्साह से हिस्सा लिया एवं संदेशात्मक रंगोली बनाई। अंत में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को पुरस्कार में मोमेंटो प्रदान किया गया। इस अवसर पर क्लब की संस्थापक व डिस्ट्रिक्ट कोषाध्यक्ष लीनेस निर्मला ध्रुव, क्लब की बीओडी सदस्य लीनेस वीणा भार्गव सहित क्लब की अन्य सदस्य उपस्थित थीं।

कार्यक्रम

राजपूत क्षत्रिय समाज का दशहरा मिलन व शस्त्र पूजन



बिलासपुर। अखिल भारतीय राजपूत क्षत्रिय समाज तत्वावधान में दशहरा मिलन तथा शस्त्र पूजन का आयोजन महाराणा प्रताप भवन इमलीपारा में राष्ट्रीय भावधारा के साहित्यकार डॉ बृजेश सिंह के मुख्यातिथ्य एवं एस के सिंह की अध्यक्षता तथा महेन्द्र प्रताप सिंह राणा व बी पी सिंह के विशेष आतिथ्य में सोत्साह सम्पन्न हुआ। अतिथियों द्वारा भगवान श्रीराम के चित्र पर माल्यार्पण के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर पूजन अर्चन किया गया। सम्बोधन में मुख्य अतिथि डॉ बृजेश सिंह ने निर्दिष्ट किया कि भगवान श्रीराम के आदर्श पर चलते हुए महाराणा प्रताप, महाबली छत्रसाल व छत्रपति शिवाजी ने देश की संस्कृति व अस्मिता की रक्षा के लिए आततायियों से संघर्ष किया। बृजेश सिंह ने भगवान श्रीराम पर केन्द्रित अपने ओजपूर्ण छंदों के माध्यम से वाहवाही बटोरी। कार्यक्रम अध्यक्ष एस के सिंह व विशिष्ट अतिथि बीपी सिंह ने भगवान श्रीराम को भारतीय संस्कृति व अस्मिता का प्रतीक निरुपित करते हुए उनके द्वारा निर्दिष्ट पथ को समाज के लिए पाथेय बताया। इस अवसर पर महामंत्री विजय सिंह बघेल, चंद्रमोहन सिंह, आर के सिंह, अर्जुन सिंह, अमरजीत सिंह चंदेल, प्रेम सिंह, बृजराज सिंह, संजय सिंह सहित प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

धर्म क्षेत्र

पूजा ग्रीन अपार्टमेंट में सुंदर काण्ड का पाठ, प्रसाद वितरण



बिलासपुर। शुभम विहार मानस मण्डली ने अजय, नीरजा दुबे के निज निवास में ढोलक की थाप पर 230 वां सुंदर काण्ड का पाठ पीत परिधान में किया। इसमें भगवान हनुमान की भक्ति प्रसंग से माहौल आध्यात्ममय हो गया। पाठ का सभी सनातनी ने श्रवण लाभ लिया। प्रमोद अवस्थी, भूपेन्द्र यादव, एके स्वर्णकार की सुंदर काण्ड पाठ प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। वहीं पूजा ग्रीन अपार्टमेंट, परिवार की मातृशक्तियों ने पाठ में भाग लिया। अंत में श्री रामायण और हनुमानजी की आरती की गई। राम निहोरा राजपूत ने स्व निर्मित जसगीत का गायन किया।

एकादशी पर भगवान श्याम का फूलों से विशेष श्रृंगार



निकाली गई निशान यात्रा, मंदिर में 91 निशान अर्पित



बिलासपुर। घोंघा बाबा मंदिर परिसर स्थित श्री श्याम मंदिर में गुरुवार को एकादशी महोत्सव श्रद्धा व उत्साह से मनाया गया। सुबह भगवान श्याम का बैजयंती, गुलाब, सेवंती, गेंदा, तुलसी पत्ती से विशेष श्रृंगार किया गया। दिल्ली से मंगाए गए 101 किलो फूल से श्रृंगार व पूजा के बाद प्रसाद बांटे गए।

सुबह बाजे-गाजे के साथ राममंदिर तिलकनगर से भव्य निशान यात्रा निकाली गई जो कि देवकीनंदन चौक, सिम्स चौक, सदर बाजार, गोल बाजार होते हुए श्याम मंदिर पहुंच कर समाप्त हुई। यहां भक्तों ने 91 निशान मंदिर में अर्पित किया। शाम को भजन संध्या आयोजित की गई। जिसमें गायक कलाकारों ने भगवान श्याम पर आधारित भजनों की प्रस्तुति दी। इससे पूरा माहौल आध्यात्ममय बना रहा। वहीं मंदिर में श्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़ रही। रात्रि में भी लोग काफी संख्या में पहुंच कर श्याम भजनों का आनंद लेते रहे। यह जानकारी मंदिर के ट्रस्टी दीपराज उपाध्याय ने दी।



भक्त ध्रुव की अमर कथा है ध्रुव चरित्र : पं. पाण्डेय

बिलासपुर। ध्रुव चरित्र भक्त ध्रुव की अमर कथा है। वे राजा उत्तानपाद और रानी सुनीति के पुत्र थे। सौतेली माता सुरुचि के अपमान से आहत होकर 5 वर्षीय ध्रुव भगवान विष्णु की प्राप्ति के लिए वन गए। भगवान विष्णु ने उन्हें अचल पद ध्रुव तारा प्रदान किया।

ये बातें बंगालीपारा सरकंडा स्थित विनायक कुंज में चल रही श्रीमद भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ में कथा वाचक आचार्य पं. प्रमोद पाण्डेय बेलसरी तखतपुर ने ध्रुव चरित्र की कथा पर प्रकाश डालते हुए कही। उन्होंने बताया कि देवर्षि नारद ने ध्रुव को मंत्र दीक्षा और मार्गदर्शन दिया। एक दिन बालक ध्रुव ने राजा उत्तानपाद की गोद में बैठना चाहा तो सुरुचि ने उन्हें गोद से खींचकर बाहर कर दिया और कहा कि यदि उन्हें गोद में बैठना है, तो वे मेरी कोख से जन्म लेते। अपमानित होकर ध्रुव अपनी माता सुनीति के पास गए। सुनीति ने उन्हें समझाया कि भगवान विष्णु की शरण में जाने से हर मनोकामना पूरी होती है। 5 वर्ष की आयु में ही ध्रुव ने भगवान को पाने का दृढ़ निश्चय कर लिया और महल छोड़कर वन की ओर निकल पड़े। मार्ग में देवर्षि नारद मिले और उन्होंने बालक की परीक्षा ली, किंतु ध्रुव का अटल निश्चय देखकर उन्हें 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' द्वादशाक्षर मंत्र का उपदेश दिया। ध्रुव ने मधुवन में जाकर एक पैर पर खड़े होकर कठिन तपस्या शुरू की। ध्रुव की कठोर तपस्या से तीनों लोक कांप उठे। छह महीने के भीतर ही भगवान विष्णु उनके सामने प्रकट हुए। भगवान ने उनके गालों पर अपना दिव्य शंख स्पर्श किया, जिससे ध्रुव को दिव्य ज्ञान प्राप्त हुआ। भगवान विष्णु ने उन्हें ब्रह्मांड में ऐसा अचल स्थान दिया। जिसे आज भी ध्रुव तारा के रूप में समस्त नक्षत्रों के बीच अटल और अडिग माना जाता है। यह आयोजन स्व. सरयू देवी की स्मृति में हो रहा है। कथा के मुख्य यजमान विवेक, रजनी शर्मा हैं।



बंगालीपारा सरकंडा में चल रही श्रीमद भागवत कथा

इन्होंने किया कथा का श्रवण

कथा श्रवण अनिल शर्मा, बाबूलाल शर्मा, राजू मिश्रा, मुन्ना, पदमा दुबे, शशिप्रभा शर्मा, नीरा मिश्रा, इंदिरा शर्मा, कुमोदिनी गौरहा, माधुरी शर्मा, विद्या शर्मा, प्रतिभा शास्त्री, गायत्री तिवारी, ननकी, अन्नपूर्णा दुबे, प्रिंसी, विनायक सहित अनेक श्रद्धालु भक्तों ने किया।

सजेगी सुरों की महफ़िल कल

बिलासपुर। हिंदी सिनेमा के स्वर्णिम दौर के सदाबहार गीतों, भूली-बिसरी धुनों के साथ शास्त्रीय गायिका श्रुति प्रभला द्वारा एक विशेष सांगीतिक संध्या नॉस्टेल्जिया का आयोजन शनिवार 24 अक्टूबर को शाम साढ़े 6 बजे लखीराम ऑडिटोरियम में किया जा रहा है।



यह कार्यक्रम श्रोताओं को हिंदी फिल्म संगीत के उस सुनहरे दौर की सैर कराएगा, जिसके गीत आज भी पीढ़ियों को जोड़ता है। नॉस्टेल्जिया केवल पुराने फिल्मी गीतों की प्रस्तुति नहीं, बल्कि उन भावनाओं को फिर से महसूस करने का अवसर है, जो इन गीतों के साथ हमारी जिंदगी का हिस्सा बनीं। उल्लेखनीय है कि शास्त्रीय संगीत की गंभीर साधना और भावपूर्ण गायकी के लिए पहचानी जाने वाली श्रुति प्रभला भजन और ग़ज़ल गायन में भी अपनी विशिष्ट पहचान रखती हैं। उनकी गायकी की विशेषता सुरों की शुद्धता, भावों की गहराई और रचना के मर्म तक पहुंचने की संवेदनशीलता है। "नॉस्टेल्जिया" में वे हिंदी फिल्म संगीत के सदाबहार नग़मों को प्रस्तुत करेंगी। नॉस्टेल्जिया की इस खूबसूरत शाम को भोपाल से आए अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वायलिन वादक मनोज कुमार, तबले पर जनाब शाहनवाज़ हुसैन, सिंथेसाइजर पर जनाब शाहिद मासूम एवं आक्टोपैड पर बिलासपुर के पीटर मुदलियार की संगत और भी सुरमई बना देगी। कार्यक्रम में प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क रहेगा।

लखीराम ऑडिटोरियम में होगा आयोजन

शास्त्रीय साधना से मिली पहचान

बिलासपुर की बेटी श्रुति प्रभला ने अपनी संगीत-साधना और प्रतिभा से अपने प्रदेश सहित शहर को भी गौरवान्वित किया है। वे संगीत रिसर्च अकादमी, कोलकाता के गुरु तथा आगरा संगीत घराने के उस्ताद वसीम अहमद खान की शिष्या हैं। उन्होंने इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ से मास्टर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स की उपाधि प्राप्त की है। श्रुति अंतरराष्ट्रीय गायन प्रतियोगिता "द वॉयस ऑफ वर्ल्ड" की विजेता रही हैं। इस्कॉन नेल्लोर द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय भजन प्रतियोगिता में उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल किया। कबीर गायन के लिए स्व. माधवराव सप्रे स्मृति महोत्सव में मुख्यमंत्री सम्मान तथा नव्या सम्मान से भी उन्हें विभूषित किया गया है।

माता को चढ़ाया गया छप्पन भोग महिलाओं ने की पूजा



बिलासपुर। विद्यानगर, विनोबानगर, क्रांतिनगर, शेषनगर दुर्गा सेवा समिति ने उत्साह से दुर्गा पूजा उत्सव मनाया। इस वर्ष पहली बार महानवमीं पर मां दुर्गा को छप्पन भोग अर्पित किया गया। इस विशेष आयोजन में 56 महिलाओं ने अपने-अपने घरों में विभिन्न प्रकार के व्यंजन एवं मिष्ठान तैयार कर मां को समर्पित किया। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा से सभी के सुख, शांति, समृद्धि और मंगल की कामना की। आयोजन को सफल बनाने में पं. अमित चक्रवर्ती का सराहनीय योगदान रहा। इस मौके पर बंगाली समाज के लोग भारी संख्या में उपस्थित रहे।

वेदों की शिक्षा में सत्य, परोपकार को दिया गया है महत्व

बिलासपुर। वेद भारतीय ज्ञान-परंपरा के प्राचीनतम आधारों में से हैं। वेदों की शिक्षा में सत्य, ज्ञान, सदाचार, न्याय, परोपकार और मानव कल्याण को महत्व दिया गया है। धर्म के वास्तविक स्वरूप को समझने की आवश्यकता है। धर्म का उद्देश्य मनुष्य को सत्यवादी, न्यायप्रिय, विवेकशील, चरित्रवान और परोपकारी बनाना है।

ये बातें आचार्य जयदेव शास्त्री ने आर्य समाज बहतराई रोड में आयोजित कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि किसी ज्ञान का उपलब्ध होना और उस ज्ञान को समझकर जीवन में अपनाना, दोनों अलग-अलग बातें हैं। जिस प्रकार सूर्य का प्रकाश उपलब्ध होने पर भी आंखें बंद रखने वाला व्यक्ति प्रकाश का अनुभव नहीं कर सकता, उसी प्रकार वेदों का ज्ञान उपलब्ध होने पर भी यदि मनुष्य उनका अध्ययन नहीं करता और सत्य के अनुसार



आचरण नहीं करता, तो वह उनके वास्तविक संदेश से दूर रह सकता है। महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती ने वेदों के अध्ययन, सत्य को स्वीकार करने, असत्य का त्याग करने और समाज में प्रचलित रूढ़ियों की समीक्षा करने पर विशेष बल दिया। आर्य समाज का उद्देश्य भी वैदिक सिद्धांतों के प्रचार-प्रसार के साथ मनुष्य में ज्ञान, सदाचार और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना है। उन्होंने समाज के लोगों से आग्रह किया कि वेदों एवं वैदिक साहित्य का नियमित स्वाध्याय करें। बच्चों और युवाओं को नैतिक शिक्षा दें। समाज में सुधार स्वयं के जीवन में सत्य, विवेक और सदाचार अपनाने से संभव है। जब व्यक्ति सत्य को स्वीकार करेगा, असत्य का त्याग करेगा और अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करेगा, तभी वैदिक विचारों का वास्तविक लाभ परिवार, समाज और राष्ट्र तक पहुंचेगा। उन्होंने आह्वान किया कि प्रत्येक परिवार में स्वाध्याय, सत्संग, नैतिक शिक्षा और सदाचार को प्रोत्साहित किया जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियां अंधविश्वास के स्थान पर ज्ञान, विवेक और सत्यनिष्ठा को महत्त्व दें।

मुंडन हिंदू परंपरा का महत्वपूर्ण संस्कार



झूलेलाल मंदिर में 21 बच्चों का सामूहिक मुंडन संस्कार

बिलासपुर। श्री सिंधु अमरधाम आश्रम स्थित श्री झूलेलाल मंदिर में सामूहिक मुंडन संस्कार का आयोजन किया गया। संत साईं लालदास के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में 21 बालक-बालिकाओं का विधि-विधान से मुंडन संस्कार कराया गया। आयोजन में छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों से श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान झूलेलाल एवं बाबा गुरमुख दास साहेब के छायाचित्र पर पुष्प अर्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इसके बाद बच्चों का मुंडन संस्कार कराया गया। संत साईं लालदास ने मुंडन संस्कार के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व की जानकारी देते हुए इसे हिंदू परंपरा का एक महत्वपूर्ण संस्कार बताया एवं सभी बच्चों को आशीर्वाद दिया। बच्चों को प्रसाद व शगुन स्वरूप खर्ची भेंट की गई तथा पाखर पहनाया गया। रवि रुपवानी एवं अनिल पंजवानी ने भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में बाबा गुरमुख दास सेवा समिति के सेवादारों का विशेष सहयोग रहा।

स्पोर्ट्स न्यूज

पल्लवी व रुपाली गतका राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

बिलासपुर। लख्मीचंद इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी की दो खिलाड़ी रुपाली साहू और पल्लवी पाटले का चयन आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इस संबंध में जानकारी देते हुए महाविद्यालय क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल ने बताया की स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई द्वारा आयोजित एकीकृत राज्य स्तरीय गटका प्रतियोगिता का आयोजन भिलाई इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी दुर्ग की मेजबानी में आयोजित किया गया था,जिसमें पल्लवी पाटले फेरीं सोटी और रुपाली साहू ने सिंगल सोटी में गोल्ड मेडल जीतकर आल इंडिया इंटर



यूनिवर्सिटी गतका प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई की गतका टीम में चयनित हुई है। चयन होने पर पर संस्था प्रमुख प्रमोद कुमार जैन, उपसंस्था प्रमुख अंकित जैन, एलसीआईटी ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन सेक्रेटरी उपकार राय, इंजीनियरिंग विभाग उपप्राचार्य शुभी श्रीवास्तव,एलसीआईटी कालेज ऑफ़ कॉमर्स एंड साइंस प्राचार्य डॉ अर्चना शुक्ला, उपप्राचार्य अभिनव पाल, , एलसीआईटी स्कूल ऑफ़ फार्मेसी प्राचार्य डॉ. रितेश जैन, एलसीआईटी कालेज ऑफ़ फार्मेसी प्राचार्य डॉ संदीप गुप्ता, डॉ राजेश श्रीवास्तव,सिविल विभाग प्रमुख डॉ भूमिका दास, कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग प्रमुख विष्णुकांत सोनी, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग दिपेन्द्र राठौर, इलेक्ट्रॉनिक एंड टेली कम्युनिकेशन डॉ राहुल गेदाम, मेकनिकल विभाग प्रमुख आशीष पाल,डॉक्टर अंजलि हेंगलेकर ने शुभकामनाएं दी है।

बालक-बालिका वर्ग का चयन ट्रायल 25 को

बिलासपुर। जिला खेल परिसर में रविवार को प्रातः 9 बजे से अंडर-11, अंडर-13, अंडर-15 एवं अंडर-17 बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ियों के चयन हेतु ट्रायल आयोजित किए जाएगा। उक्त चयन ट्रायल में संबंधित आयु वर्ग के इच्छुक खिलाड़ी निर्धारित तिथि एवं समय पर जिला खेल परिसर, बिलासपुर में उपस्थित होकर चयन प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। चयनित अंडर-11 एवं अंडर-13 वर्ग के खिलाड़ी जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में भाग लेंगे। उक्त प्रतियोगिता का आयोजन रायपुर में 11 नवंबर से 15 नवंबर तक किया जाएगा। वहीं, अंडर-15 एवं अंडर-17 वर्ग की राज्य स्तरीय चैंपियनशिप का आयोजन रायगढ़ में 30 अक्टूबर से 4 नवंबर 2026 तक किया जाएगा।

हरिभूमि
बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 23 अक्टूबर 2026
बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया

तापमान

अधिकतम 31.6 डिग्री

न्यूनतम 20.6 डिग्री



दुर्गा विसर्जन के बाद पचरी घाट में पसरी गंदगी

खबर संक्षेप

कृषि उत्पादन आयुक्त परदेशी लेंगे बैठक आज

बिलासपुर। खरीफ सीजन की उपलब्धियों की समीक्षा और रबी की आगामी तैयारियों को व्यवस्थित रूप देने के लिए कृषि उत्पादन आयुक्त सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी की अध्यक्षता में 23 अक्टूबर को संभागीय बैठक होगी। बैठक सुबह 11 बजे से जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में होगी। इसमें खरीफ वर्ष 2026 की समीक्षा तथा रबी वर्ष 2026-27 के कार्यक्रम का निर्धारण किया जाएगा। बैठक दो सत्रों में होगी। प्रथम सत्र में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की समीक्षा की जाएगी। दूसरे सत्र में पशुधन विकास एवं मछलीपालन विकास विभाग की योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा होगी। बैठक में बिलासपुर संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर एवं जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शामिल होंगे।

33 केवी सबस्टेशन में आई खराबी, घंटे भर बिजली बंद

बिलासपुर। तिफरा स्थित 33/ 11 केवी सबस्टेशन में आई खराब शहर के 6 से अधिक फीडर में सप्लाई बाधित हो गई। करीब 1 घंटे तक फीडर बंद रहे, शाम 8 बजे के करीब हुई बिजली बंद 9.10 तक नार्मल हो सकी है। बिजली लोड बढ़ने का असर दिख रहा है, सुबह से गर्मी और उमस के कारण एक बार फिर अक्टूबर माह में ही उपभोक्ताओं के द्वारा खपत बढ़ा दी गई है, यही कारण है कि ट्रांसफार्मर जवाब देने लगे है। गुरूवार को 33/11 केवी सबस्टेशन में अचानक ट्रीपिंग होने के कारण बिजली सप्लाई ठप हो गई। इस दौरान नेहरू नगर, तिफरा, सिरगिट्टी, व्यापार विहार, शांति नगर जैसे फीडरों में सप्लाई बंद हो गई, आधे घंटे बाद 33 केवी सबस्टेशन में आई खराबी को सुधार लिया गया, लेकिन फीडरों को शुरू करने में थोड़ा समय लगा, जिसके चलते उपभोक्ताओं को 1 घंटे तक दिक्कतों का सामना करना पड़ा है।

पांडेय रेलवे उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य मनोनित

बिलासपुर। दिव्यांगों के संपूर्ण विकास के लिए समर्पित राष्ट्रीय



सामाजिक संस्था सक्षम के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अनूप कुमार पांडेय को बिलासपुर रेलवे मंडल उपभोक्ता सलाहकार समिति में सदस्य मनोनित किया गया है। दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य करने के कारण क्षेत्र के दिव्यांग उनके मनोनयन पर उत्साहित हैं। उनका प्रयास रहेगा कि दिव्यांगों को रेलवे में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए।

रेलवे ने बनाया कोयला लदान का बड़ा रिकार्ड

बिलासपुर। रेलवे ने कोयला लदान में अब तक का रिकार्ड बनाया है। 18 अक्टूबर तक पिछले वर्ष की इस अवधि की तुलना में कोयला लदान में 22.5 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। प्रतिदिन 87 अतिरिक्त कोयला रैक भेजे गए। वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली छमही के दौरान रेलवे ने थर्मल पावर प्लांट के लिए प्रतिदिन औसतन 430 कोयला रैक भेजे, जो पिछले वर्ष की इस अवधि की तुलना में 7.1 फीसदी अधिक है।

चौथी लाइन बनने के बाद भी ट्रेन लेट

बिलासपुर। डिवीजन के चांपा से झारसुगुड़ा के बीच चौथी लाइन का काम करीब-करीब पूरा होने के कगार पर है, जिसके बाद भी रेल प्रशासन ट्रेनों की समयबद्धता पर कोई भी सुधार नहीं कर पा रही है। आने वाली गीतांजली से लेकर दोपहर को उत्कल सहित अन्य एक्सप्रेस के घंटों लेट का सिलसिला अभी भी बरकरार है। हावड़ा-मुम्बई के बीच दपूमरेलवे जोन में चौथी लाइन, तीसरी लाइन व अन्य कार्य किए जा रहे हैं।

भागवत ने कहा कभी उपेक्षा, विरोध व प्रतिबंध का सामना करने वाला संघ की आज जय-जयकार हो रही

आरएसएस प्रमुख ने सपनों का भारत बनाने संघ को पूरे तन, मन व धन से काम करने की सीख दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत ने गुरुवार को बिलासपुर में बौद्धिक वर्ग को संबोधित करते हुए कहा कि सपनों का भारत बनाना है तो संघ को तन, मन, धन से पूरे संपूर्ण भाव के साथ काम करना होगा। उन्होंने कहा कि पहले संघ उपेक्षा का शिकार हुआ और आगे बढ़े तो विरोध का सामना करना पड़ा, प्रतिबंध लगाया गया, किन्तु संघ का जय-जयकार हो रहा है।

बिलासपुर कोनी-बिरकोना मार्ग स्थित सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में आयोजित बौद्धिक वर्ग को आरएसएस के सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत ने संबोधित किया। करीब एक घंटे इस संबोधन में संघ एवं स्वयंसेवक पर फोकस रहा और इस दौरान श्री भागवत ने गुरुजी डॉ. हेडगेवार और गोलवरकर जी का कई उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि भारत को सपनों का भारत बनाना है तो संघ को तन, मन, धन से पूरे समर्पण भाव से काम करना होगा। उन्होंने बताया कि संघ को हिन्दुओं का भला करने वाला संगठन कहा जाता है, उन्हें संघ के विचार पता नहीं है। असल में हिन्दु समाज ही संघ का भला करने वाला है। उन्होंने संघ की तीन प्रमुख बातें शाखा, कुटुंब व संस्थाएं को समझाते हुए कहा कि संघ सागर है जिस तरह सागर बड़ी शक्ति होती है उसी तरह संघ की शाखाएं हैं। संघ सागर की तरह एक-एक बूंद से मिलकर बनता है। हम समाज के बीच रहकर काम करते हैं, समाज से बड़े नहीं हैं। संघ प्रत्येक स्वयंसेवक से मिलकर बनता है और प्रत्येक स्वयंसेवक संघ के लिए प्रमुख है।



ये रहे उपस्थित

बौद्धिक वर्ग कार्यक्रम के दौरान मंच पर आरएसएस के सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत के साथ क्षेत्र संघचालक डॉ. पूर्णेन्दु सक्सेना व प्रांत संघचालक टोपलाल वर्मा उपस्थित थे। मंच के अलावा नीचे संघ के पदाधिकारी, कार्यकर्ता सहित विधायक अमर अग्रवाल, विधायक धरमलाल कौशिक, विधायक सुशांत शुक्ला, गुरु घासीदास यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. आलोक चक्रवाल, पं. सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. वीके सारस्वत आदि शहर के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

शाखा के विचार, संस्कार को परिवार तक ले जाएं

उन्होंने कहा कि संघ की प्रेरणा से हम भारत को माता स्वरूप माना है और हम भारत माताकी की सेवा का व्रत धारण कर काम कर रहे हैं। श्री भागवत ने कहा कि संघ के शाखा में जो विचार, संस्कार दिए जाते हैं, उन्हीं विचार और संस्कार को लेकर हम परिवार के बीच जाए। उन्होंने संघ कार्यकर्ताओं से कहा कि साल में एक अपरिचित को परिचित, परिचित से मित्र और मित्र से स्वयंसेवक बनाएं। उन्होंने कहा कि शताब्दी वर्ष में संघ में पंच परिवर्तन तय किया गया था, उसे स्वयंसेवक अपने में पंच परिवर्तन करें तो ज्यादा अच्छा होगा। श्री भागवत ने कहा कि आप संघ से जुड़े नहीं, बल्कि संघ के घटक है और देश, समाज, धर्म, संस्कृति, एकता के लिए संघ काम करना है। उन्होंने कहा कि संघ में सेवा, कर्त्तव्य भाव से काम करना है किसी पद, लालसा से काम नहीं करना है।

हुडदंगियों पर रही पुलिस की पैनी नजर

दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान कोतवाली पुलिस ने युवकों से जब्त किए 600 कड़े





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान कोतवाली पुलिस ने चौक चाराहे पर विशेष जांच अभियान चलाकर लोगों से 600 कड़ा जब्त किया है। बड़ी संख्या में लोग हाथ में भारी भरकम कड़ा पहनकर विसर्जन पर जा रहे थे। 22 अक्टूबर को शांतिपूर्वक दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को लेकर एसएसपी रजनेश सिंह ने अधिकारियों को कोतवाली क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान चलाकर हथियार रखने वालों पर कार्रवाई करने व हाथ में कड़ा पहनने पर जब्ती करने का निर्देश दिया था। एडीशनल एसपी पंकज पटेल के नेतृत्व में टीआई देवेश सिंह राठौर के द्वारा वाल्मिकी चौक, सिम्स तिराहा, हटरी चौक, जवाली नाला, कोतवाली चौक में शाम होते ही विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान दुर्गा प्रतिमा विसर्जन करने वाले व झांकी देखने जाने पर विशेष नजर रखकर संदिग्ध लगने पर जांच की जा रही थी। शाम से सुबह तक चली विशेष जांच में 600 नग कड़ा जब्त किया गया है। ज्ञात हो कि इसके पूर्व में सप्तमी की रात रतनपुर पुलिस ने 25 किलो कड़ा जब्त किया था।

चाकू रखने वाले दो बदमाश गिरफ्तार



विशेष जांच के दौरान पुलिस ने कोटा गनियारी निवासी प्रिंस साहू पिता प्रेम संतोष साहू 18 साल व कमलेश केंवट पिता संजू केंवट 20 साल को पकड़कर जांच की तो दो नग चाकू मिला। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत चाकू जब्त कर दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। इसी तरह विसर्जन के दौरान हुड़दंग मचाने वाले 12 बदमाशों को पकड़कर उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।



यात्रियों ने कहा : व्यवस्था अच्छी लेकिन ट्रेनें नहीं चलतीं समय पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जोनल रेलवे स्टेशन में जीएम के यात्रियों के साथ जनसंवाद कार्यक्रम में सभी ने व्यवस्था को अच्छा फीडबैक दिया, लेकिन यात्रियों ने ट्रेनों कें समय पर नहीं चलने पर नाराजगी भी व्यक्त की। इससे अधिकारियो ने यात्रियों को जल्द ही व्यवस्था में सुधार कार्य करने का आश्वासन दिया।

यात्रियों की समस्याओं को सुनने, उनकी अपेक्षाओं एवं सुझावों को समझने तथा रेल सेवाओं और यात्री सुविधाओं में निरंतर सुधार लाने के उद्देश्य से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तीनों रेल मंडलो बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर मंडल के 216 रेलवे स्टेशनों पर गुरुवार को विशेष अभियान 6.0 के अंतर्गत पैन इंडिया रेल जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल के माध्यम से रेलवे अधिकारियों ने यात्रियों, युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं आमजन से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं, सुझावों और अपेक्षाओं की जानकारी प्राप्त की। बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने यात्रियों से सीधे संवाद कर स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था, सुरक्षा, पेयजल, प्रतीक्षालय तथा अन्य यात्री सेवाओं के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया। उन्होंने यात्रियों के सुझावों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा यात्री सुविधाओं में निरंतर सुधार के महत्व पर जोर दिया।

- एसईसीआर के रेलवे स्टेशनों पर किया गया जनसंवाद,

एसईसीआर के 216 स्टेशनों पर लिया गया फीडबैक

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के 216 रेलवे स्टेशनों पर भी नामित अधिकारियों की उपस्थिति में रेल जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से यात्रियों एवं आम नागरिकों को अपनी बात सीधे रेलवे प्रशासन तक पहुंचाने का अवसर मिला। प्राप्त सुझावों एवं शिकायतों के आधार पर संबंधित मामलों की समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई करने तथा यात्रियों की समस्याओं के निराकरण पर जोर दिया गया। विशेष अभियान 6.0 के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में स्वच्छता को प्रोत्साहित करने, लंबित मामलों के समयबद्ध निपटारे तथा कार्यालयों की कार्यप्रणाली एवं प्रबंधन को अधिक सुव्यवस्थित बनाने पर भी ध्यान दिया गया।

सुझाव पर किया जाएगा अमल : जीएम

एसईसीआर के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने कहा कि स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों से सीधे फीडबैक लेने की एक पहल थी। इसमें युवाओं के अलावा प्रतिदिन चलने वाले यात्रियों से भी फीडबैक लिया गया। यात्रियों ने रेलवे के कार्यो की प्रशंसा भी की, लेकिन कुछ यात्रियों ने सुझाव भी दिए हैं उसपर अमल किया जाएगा। बिलासपुर एक जोनल स्टेशन है, जिसे भव्य बनाने की योजना है। यहां मेन गेट के साथ सेकेंड एंट्री की ओर भी काम किया जा रहा है। स्टेशन डेवलपमेंट के अलावा जहां सुधार कार्य हैं उसे लगातार करने का आदेश दिया गया है। कुछ नए प्रोजेट भी स्वीकृत हुए हैं, जिसमें एक प्रोजेक्ट यार्ड की रिमाडलिंग का भी है। यहां ट्रेनें आने के बाद कई बार आउटर मे खड़ी हो जाती है, जिसके कारण यात्री भी परेशान होते हैं। इस कार्य को जल्द ही शुरु कर दिया जाएगा। वहीं स्टेशन में तीन अतिरिक्त प्लेटफार्म भी बनाए जा रहे हैं, जिससे ट्रेनों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी।

बैंक ऑफ इंडिया में स्टॉफ के कमी खिलाफ प्रत्येक सप्ताह धरना देगा एसोसिएशन

बिलासपुर। बैंक ऑफ इंडिया में क्लर्कों की कमी से बैंकिंग कामकाज प्रभावित हो रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य में पिछले दो वर्षों के दौरान निर्धारित जरूरत के मुकाबले 15 क्लर्क कम मिलने और पिछले महिने पांच नई शाखाएं खुलने से कर्मचारियों पर काम का दबाव बढ़ गया है। स्थिति यह है कि कुछ शाखाओं को बिना क्लर्क के ही कामकाज संचालित करना पड़ रहा है। स्टाफ की कमी से कर्मचारियों के साथ ग्राहकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या के विरोध में बीओआई एंप्लाइज एसोसिएशन ने हर बुधवार रायपुर, भिलाई और बिलासपुर में धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है।

बीओआई एंप्लाइज एसोसिएशन के अनुसार वर्ष 2024-25 में जोन के लिए पांच क्लर्क कम दिए गए, जबकि वर्ष 2025-26 में भी 10 क्लर्क कम मिले। इस तरह दो वर्षों में कुल 15 क्लर्कों की कमी बनी हुई है। दूसरी



ओर बैंक की नई शाखाएं खुलने से कामकाज का दायरा बढ़ा है। लेकिन उसके अनुरूप कर्मचारियों की उपलब्धता नहीं बढ़ने से मौजूदा स्टाफ पर अतिरिक्त जिम्मेदारी आ गई है। एसोसिएशन का कहना है कि प्रतिस्पर्धा के इस दौर में बैंकिंग सेवाओं को बेहतर और तेज बनाए रखने के लिए पर्याप्त कर्मचारियों की जरूरत है। एसोसिएशन ने स्पष्ट किया है कि जब तक स्टाफ का बैकलॉग क्लियर नहीं होता, तब तक हर बुधवार तीनों प्रमुख शहरों में धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा।

स्मार्ट सिटी में नहीं चली 67 लाख की रेंट साइकिल योजना, स्टैंड से गायब

बिलासपुर। बिलासपुर स्मार्ट सिटी में 67 लाख रुपए की लागत से रेंट ए साइकिल योजना शुरू की गई थी। नोएडा की कंपनी को शहर में पांच साल तक रेंट पर साइकिल चलवाने का ठेका स्मार्ट सिटी द्वारा दिया गया था, किन्तु बीच में ही यह योजना दम तोड़ चुकी है और सारे 30 मॉडल साइकिलें शहर की सड़कों से अब कंपनी के गोडाउन में पहुंच गई है। बिलासपुर शहर को स्मार्ट सिटी का दर्जा मिलने के बाद आधुनिक और नए-नए कई प्रोजेक्ट लाए गए, जिनमें से एक रेंट ए साइकिल योजना भी थी। स्मार्ट सिटी लिमिटेड से रेंट ए साइकिल योजना के लिए नोएडा के शिव शक्ति ट्रिंक कंपनी को ठेका दिया गया था। इसमें स्मार्ट सिटी द्वारा लगभग 67 लाख रुपए खर्च किए गए थे। इस कंपनी द्वारा 30 साइकिल उपलब्ध कराया गया था और पांच साल तक योजना का संचालन व साइकिलों का मेंटनेस ठेका कंपनी को ही करना था।



चोरी हो रही थी साइकिल

रेंट साइकिल योजना के लिए करीब 150-200 रजिस्ट्रेशन हुए थे। लेकिन बाद साइकिल की डिमांड नहीं रही। शहर के निर्धारित स्टैंड से साइकिल चोरी भी होने लगी थी। इसलिए स्टैंड से हटाकर सभी साइकिलों को कंपनी के गोडाउन में रखवाया गया है। साइकिल योजना को लेकर जल्द ही संबंधित एजेंसी को बुलवाकर उनसे चर्चा की जाएगी।

विकास पात्रे
प्रभारी, रेंट साइकिल योजना ननि

उपभोक्ताओं में बिजली बिल में होने वाली बचत को लेकर स्पष्ट जानकारी नहीं

2 किलोवाट के सोलर पैनल में 90 हजार की सब्सिडी, 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त बिजली योजना में अब 2 किलो वॉट के सोलर पेनल में अब 200 यूनिट बिजली मिलेगी। इसके लिए उपभोक्ताओं को को रूफ टॉप के अनुसार महज 15 से 20 हजार रूपए ही खर्च करने पड़ेंगें। वहीं 90 हजार की सब्सिडी दी जा सकेगी।

केंद्र सरकार ने घरों में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने और बिजली बिल का बोझ कम करने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शुरूआत की है, लेकिन योजना की गति धीमी है, अब बिजली कंपनी पर



योजना का लाभ अन्य लोगों तक पहुंचाने का दबाव बनने लगा है। ऐसे में अधिकारी 2 किलोवाट के तहत योजना का फायदा उपभोक्ताओं तक पहुंचाने पर जोर दे रहे हैं। पात्र घरेलू उपभोक्ता अपनी छत पर सोलर पैनल लगवाकर बिजली उत्पादन कर सकते हैं और निर्धारित नियमों के अनुसार सरकारी सब्सिडी का लाभ ले सकते हैं। बिजली विभाग के अनुसार, योजना को लेकर उपभोक्ताओं के बीच कई तरह की भ्रांतियां हैं। कुछ उपभोक्ताओं को सोलर पैनल लगाने में आने वाले खर्च, सब्सिडी प्राप्त करने की प्रक्रिया, पैनल की क्षमता और बिजली बिल में होने वाली बचत को लेकर स्पष्ट जानकारी नहीं है। इसके कारण कई उपभोक्ता योजना में रुचि लेने के बाद भी आवेदन करने या अपने घर में सोलर पैनल लगवाने का निर्णय नहीं ले पा रहे हैं। विभाग ने पंजीकृत वेंडरों के माध्यम से सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचने की रणनीति बनाई है।

24 हजार का लक्ष्य, 45 सौ घरों तक सोलर

बिजली विभाग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, शहरी क्षेत्र के सिटी सर्किल को दो वर्षों में 24 हजार उपभोक्ताओं के घरों में सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य दिया गया था। इसके मुकाबले अब तक 6 से अधिक उपभोक्ताओं ने आवेदन किया है,लेकिन 4,583 घरों में सोलर पैनल लग सका है। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 25 हजार का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, यहां अब तक 12,664 उपभोक्ताओं मिले है और 7,534 घरों में सोलर पैनल हो चुके है। ऐसे में विभाग के सामने अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को योजना से जोड़ने की चुनौती है। वेंडरों के माध्यम से होने वाला संपर्क अभियान इसी दिशा में एक प्रयास है।

अच्छी योजना है

2 किलो वॉट के सोलर पेनल में 200 यूनिट बिजली मिलेगी, अब उपभोक्ताओं को 10 से 15 हजार रुपए में कनेक्शन मिल जाएगी। यह एक अच्छी योजना है जिसका लाभ हर वर्ग का उपभोक्ता ले सकता है।

सुरेश जांगड़े, एसई, विद्युत विभाग

जिले में 8 नए गौधामों की प्रशासनिक स्वीकृति

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ राज्य गौसेवा आयोग द्वारा गौधाम योजना के अंतर्गत बिलासपुर जिले में 8 गौधामों की स्थापना के लिए प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। गौसेवा आयोग जिला समिति के प्रयासों से जिले में गौवंश के संरक्षण, संवर्धन एवं सुरक्षा के लिए सुविधाओं के विस्तार का मार्ग प्रशस्त हुआ है।संचालनालय पशु चिकित्सा सेवाएं छत्तीसगढ़ द्वारा जारी पत्र में गौधाम योजना के अंतर्गत 40 गौधामों की स्थापना के लिए प्रशासनिक स्वीकृति का उल्लेख है। इनमें मस्तूरी विकासखंड के लावर, किरारी व पाराघाट एवं तखतपुर विकासखंड के काठाकोनी व छतौना और निरतु तथा बिल्हा विकासखंड में मोपका शहरी गौधाम शामिल हैं। इन गौधामों की स्थापना से निराश्रित एवं बेसहारा गौवंश के लिए आश्रय, चारा-पानी तथा आवश्यक देखभाल की व्यवस्था विकसित करने में सहायता मिलेगी।

खबर संक्षेप

डाक्टर की पत्नी से आनलाइन ठगी

बिलासपुर। ड्रेस बेचने के नाम पर डाक्टर की पत्नी से 43 हजार रुपए आनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार मसानगंज निवासी जागृति मेहता पति डा. अशोक मेहता 55 साल ने 15 अक्टूबर को फेसबुक में ड्रेस खरीदने के लिए दिए गए मोबाइल नम्बर पर संपर्क किया। ड्रेस खरीदने के लिए उन्होंने गूगल पे के माध्यम से 8 हजार 991 रुपए का भुगतान किया। 18 अक्टूबर को एक व्यक्ति ने कूरियर वाला बनकर उन्हें फोन किया और जीएसबी, लेट फीस सहित अन्य बहाना बताकर तीन बार में 43 हजार 233 रुपए ट्रांसफर कराकर रिफंड करा देने की बात कही। पैसा जमा करने के बाद न तो ड्रेस आई और न ही पैसा रिफंड हुआ है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइलधारक के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4, 66 डी के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

लॉ के छात्र से युवकों ने की मारपीट

बिलासपुर। लॉ के छात्र को बुलाकर युवकों ने जमकर मारपीट कर दी है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोनी पुलिस के अनुसार, जीजीयू में लॉ द्वतीय वर्ष के छात्र अक्षय कुमार पिता संजय कुमार को 20 अक्टूबर की रात 10 बजे उनके क्लास के छात्र उत्सव राज पाण्डेय ने मिलने के लिए रिवरव्यू कालोनी बुलाया। वे अपने दोस्त अजय गुप्ता के साथ वहां गए तो उत्सव राज पाण्डेय, दीप एवं अन्य युवकों ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए स्टील के पंच व अन्य वस्तु से जमकर मारपीट की है, जिससे अक्षय कुमार के होंठ, मुंह, सिर, हाथ बांह में चोट आई है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावर उत्सव राज पाण्डेय, दीपक एवं अन्य के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

दुर्गा प्रतिमा देखने गए व्यावसायी से मारपीट

बिलासपुर। दुर्गा प्रतिमा देखने गए व्यावसायी से किसी बात को लेकर विवाद होने पर एक युवक ने हाथ मुक्का, लाठी से जमकर मारपीट कर जख्मी कर दिया। उन्हें इलाज के लिए निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार 21 अक्टूबर की सुबह 7 बजे ऋतुराज बाजपेयी मध्यनगरी चौक में दुर्गा प्रतिमा देखने गए थे। पंडाल के पास किसी बात को लेकर उनका आफताब शाहशाह से विवाद हो गया, जिससे आफताब ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए उन पर हमला कर दिया। मारपीट की घटना से दुर्गा पंडाल के पास हड़कंप मच गया। मारपीट से श्री बाजपेयी के सिर, गर्दन, पीठ के पास चोट आई है। इसी दौरान दुर्गा प्रतिमा देखने गए पारसनाथ बैरागी ने मारपीट होते देख ऋतुराज के चाचा विवेक बाजपेयी को फोन कर घटना की जानकारी दी। उन्होंने घायल भतीजे को इलाज के लिए निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने पारसनाथ बैरागी की रिपोर्ट पर हमलावर आफताब शाहशाह के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

जिला अस्पताल के महिला वार्ड से 5 मोबाइल पार

बिलासपुर। जिला अस्पताल के महिला वार्ड से मरीजों के परिजनों के 5 नग मोबाइल चोरी हो गया। सीसीटीवी कैमरे में एक व्यक्ति मोबाइल चोरी करते नजर आ रहा है। पुलिस चोर को नहीं पकड़ पाई है। तारबाहर पुलिस के अनुसार जरहागांव मोतीपुर निवासी अरमान कोसले 21 साल ने रिपोर्ट लिखाई। उन्होंने 18 अक्टूबर को बहन सुमिक्षा कुमारी कोसले को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। 20 अक्टूबर की रात उनकी मां राजकुमार कोसले अस्पताल में रूके थे। रात में उनकी मां ने अपना व बेटी का मोबाइल दराज में रखकर सो गईं। 21 अक्टूबर की सुबह वे सोकर उठीं तो दोनों मोबाइल की चोरी हो गई थी। जानकारी मिली कि उसी रात मरीज हसीना बेगम गणेशनगर, मंजू वर्मा लिंगियाडीह, सतयपा नेताम सरकण्डा निवासी के मोबाइल भी चोरी हुई है। अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज देखे तो रात 2 से 5 बजे के बीच एक व्यक्ति मोबाइल चोरी करते नजर आ रहा है।

जुलाई 2024 में किया गया था कार्य प्रारंभ

कुल 45 किलोमीटर होना है निर्माण, 27 महीने से बन रही सड़क, अमरकंटक पहुंचने में हो रही कठिनाई

जनवरी तक बननी थी रतनपुर-केंदा सड़क, सोलह किलोमीटर निर्माण अब भी शेष

बिलासपुर। अनुबंध की शर्तों के अनुसार जनवरी 2026 में पूर्ण हो जाने वाली रतनपुर-केंदा सड़क का अब भी सोलह किलोमीटर निर्माण शेष है। कुल 42 किलोमीटर लंबाई में बनाई जा रही इस सड़क को फिलहाल 25 किलोमीटर ही बनाया जा सका है। निर्माण के लिए शेष सोलह किलोमीटर सड़क के जून 2027 तक पूरा हो पाने की संभावना है।

फर्राटे लगाकर कुछ ही समय में अमरकंटक पहुंचने का सपना देखने वाले शहरवासियों को अभी इसके लिए जून महीने तक इंतजार करना होगा। लोक निर्माण विभाग के एनएच डिवीजन द्वारा रतनपुर से अमकंटक तक कुल तीन पैकेज में



किए जा रहे सड़क निर्माण के अंतर्गत इस पैकेज में कुल 42.5 किलोमीटर लंबाई व दस मीटर चौड़ाई में सड़क का निर्माण किया जाना है। इसके अंतर्गत अब तक 25.7 किलोमीटर का निर्माण ही पूरा किया जा सका है, जबकि 16 किलोमीटर का निर्माण अभी शेष है। इस सड़क की प्रशासकीय स्वीकृति 286 करोड़ है, जिसे कार्य एजेंसी ठेकेदार के द्वारा 171 करोड़ में अनुबंध किया गया है। शासन द्वारा अब तक इस निर्माण के लिए 84 करोड़ रूपए का भुगतान भी किया जा चुका है। इस सड़क पर रतनपुर बाईपास के अलावा दो पुलिया व तीन माईनर पुलिया का निर्माण भी शेष है। विभाग के अनुसार इस साल की भारी बारिश में कंप्लीट हो चुकी सड़क भी कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसका फिर से निर्माण किया जा रहा है। अमरकंटक प्रदेश का एक प्रसिद्ध पर्यटन एवं तीर्थ स्थल है, जहां दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं। बीते 27 महीने से लगातर सड़क निर्माण होने के कारण लोगों को अमरकंटक पहुंचने में काफी कठिनाई हो रही है।

बारिश के दौरान पुल क्षतिग्रस्त हो जाने के बाद इस सड़क पर आवागमन न केवल पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया था, बल्कि वाहनों के रूट भी डायवर्ट किए गए थे। इस सड़क के जल्द से जल्द पूरा होने का इंतजार प्रदेश के लाखों लोगों को है, लेकिन फिलहाल जून महीने तक उन्हें और इंतजार करना होगा।

एक बार दिया जा चुका एक्सटेंशन उसकी भी समयसीमा समाप्त

अनुबंध के अनुसार वर्षाऋतु सहित 18 महीने की समयावधि में सड़क का निर्माण पूरा नहीं होने पाने के बाद मेसर्स शांति इंजीकान प्राईवेट लिमिटेड नामक कार्य एजेंसी को एक बार चार महीने का एक्सटेंशन दिया गया था। एक्सटेंशन के बाद सड़क का निर्माण 22 मई 2026 तक पूरा हो जाना था, लेकिन कंपनी इस अवधि तक भी निर्माण पूरा नहीं कर सकी। चूंकि अब भी करीब 16 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए शेष है, जिससे अब दूसरी बार एक्सटेंशन दिया जाना है। विभाग के अनुसार शासन स्तर से फिलहाल कार्य एजेंसी को दुबारा एक्सटेंशन नहीं दिया गया है।

प्रतिदिन गुजर रहे 730 अतिभारी वाहन

सड़क का निर्माण तो जारी है, लेकिन जिस हिस्से का निर्माण पूरा हो चुका है उसमें आवागमन किया जा रहा है। विभाग के अनुसार इस मार्ग में पड़ने वाले माइंस एरिया तक के लिए प्रतिदिन 730 अतिभारी वाहन आवागमन कर रहे हैं। इस दौरान वाहन ओवरलोड भी चल रहे हैं, जिससे बनकर तैयारी हो चुकी सड़क भी क्षतिग्रस्त हो रही है। हालांकि कार्य एजेंसी कंपनी द्वारा क्षतिग्रस्त हो चुकी सड़कों को भी बनाया जा रहा है।

तेजी से चल रहा है काम

सड़क का काम जनवरी में पूरा हो जाना था, लेकिन अभी सोलह किलोमीटर निर्माण शेष है। कंपनी को एक बार एक्स्टेंशन दिया जा चुका है। दूसरी बार एक्स्टेंशन अभी प्रक्रिया में है। निर्माण तेज गति से किया जा रहा है, जिससे पूरी संभावना है कि जून 2027 तक सड़क का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा।

-रोशन कुमार साहू, ईई पीडब्ल्यूडी एनएच डिवीजन

पैगोड़ा सहित घास लगाने का किया गया था काम

स्मृति वाटिका : 26 लाख फूंके फिर भी काम अधूरा, अब बाउंड्रीवाल जर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कानन पेण्डारी जू से पहले सैलानियों के लिए बनाए गए स्मृति वाटिका का जीर्णोद्धार करने के लिए कुछ माह पहले 26 लाख रुपए फूंके गए, जिसके बावजूद काम अभी भी अधूरा है।

- अब 70 लाख का फिर बनाया गया बजट

बाउंड्रीवाल चारों ओर से जर्जर हो गए हैं, जहां से मवेशियों के साथ असामाजिक तत्व का भी अंदर प्रवेश हो रहा है। काम अधूरा करने के बाद अब एक बार फिर 70 लाख रुपए का बजट बनाकर भेजा गया है, जिसकी राशि के सेंक्शन होने का इंतजार किया जा रहा है।

25 अप्रैल 2002 को बनाई गई स्मृति वाटिका अचानकमार अमरकंटक बायोस्फियर रिजर्व की जिम्मेदारी में है, लेकिन काम की जिम्मेदारी बिलासपुर वन मंडल के अफसरों को दी गई है। वाटिका को बनाने का मुख्य उद्देश्य था कि कानन पेण्डारी जू में भ्रमण के लिए पहुंचने वाले सैलानी वाटिका का भ्रमण कर पिकनिक मना सकें। यहां वाटिका में 36 एकड़ की भूमि 20 एकड़ में सिमट गई। वर्तमान में स्मृति वाटिका की स्थिति इतनी अधिक जर्जर हो चुकी है कि चारों ओर खरपतवार के कारण जहरीले जीव जंतुओं के निकलने का खतरा बना रहता है। इसे संवारने के लिए कई बार राशि सेंक्शन हो चुकी है, लेकिन करोड़ों की राशि स्वीकृति के बावजूद काम कुछ भी दिखाई नहीं देता है। हालत यह है कि यहां कुछ माह पहले वाटिका को एक नया स्वरूप देने के लिए काम की शुरुआत की थी। पुराने सरोवर के अलावा दीवार को रंग रौगन करने के साथ, गेट से अंदर प्रवेश करने के रास्ते के बीच में बत्तख और हाथी की मूर्ति बनाई गई थी। इसकी हालत तो काफी खराब हो गई। 6 माह पहले जनप्रतिनिधियों के साथ रायपुर से आए पीसीसीएफ व दूसरे अधिकारियों ने स्मृति वाटिका का जीर्णोद्धार करने का आदेश बिलासपुर वन मंडल के अफसरों को दिया था। वन मंडल के अफसरों ने कार्य करने के लिए बजट की मांग कर दी, जिसके बाद प्रथम चरण में 26 लाख रुपए की राशि स्वीकृति के बाद पुराने गेट को तोड़कर नया बनाने का काम, नया घास लगाने व अन्य कार्य किया गया। वर्तमान में ऐसी स्थिति है कि वाटिका को घेरने के लिए चारों ओर से फेंसिंग और पोल लगाकर घेराबंदी किया गया है, लेकिन इस फेंसिंग के नीचे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है। इसमें से मवेशियों के साथ असामाजिक तत्वों का वाटिका के अंदर प्रवेश हो रहा है।



बनाई जानी थी चार फीट की दीवार

कर्मचारियों के अनुसार स्मृति वाटिका की हालत काफी खराब हो चुकी है। यहां घेराबंदी करने के लिए चारों ओर से चार फीट की दीवार उठाकर उसके ऊपर और दीवार से चिपकाकर पोल व फेंसिंग का कार्य किया जाना था, ताकि नीचे से किसी का प्रवेश अंदर तक न हो सके। आनन फानन में दीवार का काम तो नहीं किया गया, लेकिन काम चलाऊ पोल और फेंसिंग लगाकर छोड़ दिया गया। वर्तमान में कई पोल जर्जर हो गए है और फेंसिंग के नीचे के हिस्से से मवेशी अंदर घुस जाते हैं।

राशि मिलने पर काम होगा शुरू

स्मृति वाटिका में नया एंट्री गेट, दो पैगोड़ा, नए घास लगाने का काम किया गया है। यहां साफ सफाई व रंग रौगन का कार्य कर दिया गया है। वाटिका में पीछे के रास्ते से मवेशी अंदर प्रवेश करते हैं। पिछले काम के बाद अब बचे हुए कुछ कार्यों के लिए 70 लाख रुपए का बजट बनाकर शासन को भेज दिया गया है, जहां से राशि जल्द मिलने के बाद काम शुरु कर दिया जाएगा।

-टीआर मरई, एसडीओ, वन मंडल बिलासपुर

चार साल बाद स्वास्थ्य विभाग में फेरबदल

बिलासपुर। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के व्यवस्थाओं में अमुलचुल परिवर्तन दिखाई दे रहा है। प्रशासनिक व्यवस्था को दुरुस्त करने अधिकारियों और कर्मचारियों की जिम्मेदारियों में फेरबदल किया गया जाना आम बात है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग में 4 साल बाद पांच बाबुओं की बैठकी बदल दी गई है। टीबी रोग विभाग, आयुष्मान योजना, नर्सिंग होम एक्ट और स्थापना शाखा सहित विभिन्न विभागों में भी नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

स्वास्थ्य विभाग में अधिकारी व कर्मचारियों को इधर से उधर करने में काफी पापड़ बेलने पड़ते है, लेकिन इस बार सीएमएचओ डॉ शुभा गरेवाल ने कार्यालयीन कसावट पर ध्यान दिया है। सीएमएचओ कार्यालय में लंबे समय से एक ही टेबल पर काम कर रहे कर्मचारियों की जिम्मेदारियों में बदलाव किया गया है। चार साल से अधिक समय से एक ही टेबल पर जमे पांच बाबुओं की टेबल बदलने से कार्यालयीन कामकाज में नई व्यवस्था लागू होगी।

विभागीय स्तर पर अलग-अलग शाखाओं में जिम्मेदारियां बदलने का उद्देश्य कामकाज को व्यवस्थित करना और प्रशासनिक प्रक्रिया को सुचारू बनाए रखना है। सीएमएचओ डॉ. शुभा गरेवाल ने कहा कि कार्यालय में टेबल बदलना सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा है।

टीबी रोग के नए प्रभारी होंगे फिरोज खान

टीबी रोग विभाग की एचओडी डॉ. गायत्री बांधी के जेडी बनने के बाद उनकी जगह डॉ. रक्षित जोगी को एचओडी बनाया गया था। लेकिन हाल ही में उनका प्रमोशन होने के बाद उन्हें सेंदरी स्थित मेंटल अस्पताल का अधीक्षक बनाया गया। डॉ. जोगी के जाने के बाद अब टीबी रोग विभाग की जिम्मेदारी फिरोज खान को सौंपी गई है।

आयुष्मान और नर्सिंग होम एक्ट में नई जिम्मेदारी

विभागीय फेरबदल के तहत आयुष्मान योजना की जिम्मेदारी पूर्व सीएमएचओ और संविदा डाक्टर अनिल श्रीवास्तव को दी गई है। नर्सिंग होम एक्ट से जुड़े कामकाज के लिए डॉ. पंकज साहू, डॉ. बीके वैष्णव, डॉ. सौरभ शर्मा और डॉ. अनिल शर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा नर्सिंग होम एक्ट के कार्यों में संजय मिश्रा को नई जिम्मेदारी दी गई है। बताया जा रहा है कि श्री मिश्रा पहले भी नर्सिंग होम एक्ट का कामकाज देख चुके है। स्थापना शाखा में रेशमा एक्का को जिम्मेदारी सौंपी गई है। आरटीआई प्रथम अपील से संबंधित कार्य ध्रुव देवांगन को दिया गया है। वहीं स्थापना शाखा के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों से जुड़े कार्यों की जिम्मेदारी मौली जैकब को सौंपी गई है। सीएमएचओ कार्यालय की स्थापना शाखा में धीरज मिश्रा को भी जिम्मेदारी दी गई है।

युवक पर जानलेवा हमला 5 आरोपी गिरफ्तार



बिलासपुर। रावण दहन के बाद पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर जानलेवा हमला करने वाले 5 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मस्तूरी टीआई कपिल चंद्रा ने बताया, 20 अक्टूबर की रात ग्राम लावर भोथीडीह मीडिल स्कूल परिसर मे राव दहन के बाद पुरानी रंजिश में भानु कैवर्त के साथ पांच युवकों ने मारपीट करते हुए कड़े से हमला कर उसका सिर फोड़ दिया था। पुलिस ने आरोपी लावर निवासी अरूण कुमार खुंटे उर्फ गुड्डू सतनामी पिता गणेश खुंटे 21 साले, संजीत कारके पिता श्याम लाल कारके 27 साल, उसके भाई संजू कारके 22 साल, सिद्धार्थ उर्फ चींटू कारके पिता भुनेश्वर कारके 26 साल, संजू उर्फ शुभम यादव पिता जनक यादव 26 साल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

दो युवकों व एक महिला पर तलवार चाकू बेसबाल से हमला, सिम्स में भर्ती

बिलासपुर। दुर्गा विसर्जन में हुए विवाद के बाद दो युवकों व एक महिला पर 5 लोगों ने तलवार, चाकू, बेसबाल से ताबड़तोड़ हमला कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल तीनों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया । पुलिस अपराध दर्ज कर जांच में जुट गई है।

सरकण्डा चिंगराजपारा अमरैया चौक निवासी नकुल यादव पिता संतोष यादव 20 साल ने बताया, बुधवार की रात वे दुर्गा प्रतिमा विसर्जन करने गए थे। विसर्जन के दौरान रात में उनका मोहल्ले के युवकों से विवाद हो गया था। उस दौरान लोगों की समझाइश पर विवाद शांत हो गया था। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन करने के बाद गुरूवार की सुबह नकुल यादव व भानू यादव पिता रमेश यादव पैदल घर लौट रहे थे। लक्ष्मी चौक के पास 5 लोग तलवार, चाकू, बेसबाल लेकर खड़े



थे। रात में हुए विवाद की बात को लेकर पांचों युवकों ने नकुल यादव, भानू यादव के साथ मारपीट करते हुए तलवार, चाकू, बेसबाल से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। दोनों युवकों के साथ मारपीट होते देख नकुल यादव की बुआ रज्जू यादव बीच बचाव करने गईं तो युवकों ने उनके साथ भी जमकर मारपीट कर दी, जिससे नकुल यादव, भानू, रज्जू यादव गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मारपीट की घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। परिजनों के द्वारा तीनों को गंभीर अवस्था में इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने रिश्तेदार अंजू की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरे पक्ष से कैलाश देवांगन पिता झुमुक देवांगन ने रिपोर्ट लिखाई है कि दुर्गा झांकी के दौरान हुए विवाद को लेकर नकुल यादव, भानू यादव के द्वारा उनके साथ मारपीट की है। पुलिस ने उसकी रिपोर्ट पर नकुल व भानू के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

नेक्स्ट लेवल 2.0 में डा. पाटनी बताएंगे बिजनेस में सफलता के मंत्र 31 को



बिलासपुर। आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में बिजनेस को सफल बनाने के लिए केवल मेहनत ही नहीं, बल्कि सही रणनीति, नेतृत्व क्षमता, टीम मैनेजमेंट और निरंतर सीखना भी आवश्यक है।

इसी उद्देश्य से बीएनआई बिलासपुर द्वारा 31 अक्टूबर को होटल चावला ग्रीन्स, बिलासपुर में नेक्स्ट लेवल 2.0 का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक बिजनेस कॉनक्लेव उसके पश्चात 5 से 8 बजे तक ट्रेनिंग सेशन होगा। इस कार्यक्रम में देश के प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर एवं बिजनेस ट्रेनर डॉ. उज्ज्वल पाटनी विशेष ट्रेनिंग सेशन देंगे। इसमें एक हजार से अधिक बिजनेसमैन, उद्यमियों, स्टार्टअप फाउंडर्स, बिजनेस लीडर्स, प्रोफेशनल्स और महिला उद्यमियों के शामिल होने की उम्मीद है। यह कार्यक्रम प्रतिभागियों को नई सोच विकसित करने, व्यावसायिक चुनौतियों को समझने, नेतृत्व क्षमता बढ़ाने और नेटवर्किंग के माध्यम से नए अवसर तलाशने का मंच प्रदान करेगा। डॉ. पाटनी के ट्रेनिंग सेशन के माध्यम से प्रतिभागियों को अपनी सोच, कार्यशैली और बिजनेस से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर नए दृष्टिकोण से विचार करने का अवसर मिलेगा। इसमें शामिल होने के लिए पंजीयन व पास के लिए बीएनआई बिलासपुर से संपर्क कर सकते हैं।

अमृत भारत योजना के तहत डिवीजन में बिलासपुर सहित करीब 16 स्टेशनों में पुनर्विकास कार्य शुरू

लाइन पार नई बिल्डिंग का निर्माण कार्य शुरू, 50 फीसदी से अधिक काम पूरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जोनल रेलवे स्टेशन के लाइन पार रहने वाले लोगों की सुविधा के लिए नई बिल्डिंग सहित अन्य कार्यो का निर्माण शुरु कर दिया गया है, जिसमें अब तक 50 फीसदी से अधिक काम किए जा चुके हैं। इसमें लोगों को स्टेशन के मुख्य गेट की तरह सारी सुविधाएं मिल सकेगी।

अमृत भारत योजना के तहत बिलासपुर डिवीजन में बिलासपुर सहित करीब 16 स्टेशनों में पुनर्विकास कार्य शुरू कर दिया गया है। इन स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कर यात्रियों के लिए अधिक आरामदायक, सुरक्षित और स्तरीय बनाया जा रहा है। बिलासपुर स्टेशन को डेवलप करने के लिए रेलवे बोर्ड ने 392 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान कर दी है। स्टेशन डेवलपमेंट कार्य के लिए रेलवे ने यात्रियों को जानकारी देने जोनल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 1



वीआईपी गेट के पास एक बोर्ड भी लगाया है। इसमें रेलवे के अनुसार किए गए कार्यो के तहत अलग-अलग साइड में यात्रियों की सुविधा हेतु काम होगा। इसमें मुख्य रूप से सिटी साइड के फ्रंट एरिया यानि नार्थ ईस्ट साइड में आने जाने के लिए स्टेशन बिल्डिंग में गेट नम्बर 3 और 2 पोर्च एरिया के साथ मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब में पब्लिक व्हीकल पार्किंग जोन, ड्राप पाइंट एंड पिकअप जोन, पेडिस्ट्रेशन प्लाजा, पार्सल एंड आरएमएस बिल्डिंग, रिजवर्ड लॉज बिल्डिंग, पब्लिक टायलेट फेसिलिटी, रोड, लैंडस्केपिकंग एंड सरफेस पार्किंग, अतिरिक्त डिजाइन। रेअर साइड साउथ वेस्ट साइड में पेडेस्ट्रेशन प्लाजा, ड्राप पाइंट एंड पिकअप जोन, पब्लिक टायलेट फेसिलिटी, रोड लैंडस्केपिंगं एंड सरफेस पार्किंग, ग्रीन बिल्डिंग सार्टिफाइड व अन्य डिजाइन और अन्य कार्यो में एअर कानकोर्स 36 मीटर वाइड, प्लेटफार्म से कनेक्टिंग एफओबी, एफओबी पार्सल 6 मीटर वाइड, 22 एस्केलेटर और 30 लिफ्ट, रिटेल स्पेसेस एंड फुड आउटलेट इन कानकोर्स एरिया, रिजवर्ड लाउंज बिल्डिंग, प्लेटफार्म शेड कवरिंग, स्टेशन में सोलर से बिजली सप्लाई, सिवेज ट्रीटमेंट प्लांट एंड स्ट्रोमवाटर ड्रेनेज के अलावा प्लेटफार्म रिफरबिशमेंट का कार्य किया जा रहा है।

स्टेशन के मुख्य गेंट की तरह सेकेंड एंट्री यानि चुचुहियापारा की ओर भी नई बिल्डिंग के साथ अन्य कार्य करीब 50 फीसदी से अधिक पूरे हो चुके हैं, जिसके लिए मुख्य मार्ग को पूरी तरह से आवागमन के लिए बंद कर दिया गया है।

यह होगा काम

- यात्रियों के सुगम स्टेशन प्रवेश व निकासी हेतु भव्य प्रवेश द्वारा बनाया जाएगा, जिससे स्टेशन भी आकर्षक लगेगा।
- 12 मीटर चौड़ा फुट ओवरब्रिज को एयर कांकॉर्स के रूप में विकसित किया जा रहा है, ताकि यात्रियों को प्लेटफार्म पर जाने में आसानी हो।
- यात्रियों के अलावा बुजुर्गों और दिव्यांगजनों के आराम के लिए लिफ्ट की सुविधा होगी।
- ट्रेन और कोच की स्थिति की जानकारी के लिए कोच गाइडेंस डिस्प्ले सिस्टम की स्थापना की जाएगी।
- मॉल्स की तरह स्टेशन पर दिशा निर्देशों और जानकारी के लिए आधुनिक साइनेज बोर्डस लगाए जाएंगे, ताकि यात्री आसानी से स्टेशन में उपलब्ध सुविधा की जानकारी ले सकें।
- दिव्यांग यात्रियों के लिए रैंप, मार्क पार्किंग और लो हाइट टिकिट बुकिंग काउंटर, प्लेटफार्म पर दिव्यांग यात्रियों के लिए टॉयलेट, लो हाइट ड्रिंकिंग वाटर बूथ, व्हीलचेयर की व्यवस्था, प्लेटफार्म पर कोच गाइडेंस सिस्टम, साइनेज और स्टेंडर्ड टैक्सटाइल गाइड जैसे साधन उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे दिव्यांगों को ट्रेन तक पहुंचने और आवश्यक जानकारी प्राप्त करने में आसानी होगी।
- स्टेशन में स्थानीय कला संस्कृति की चित्रकारी, गार्डन निर्माण कर सौंदर्यीकरण के साथ अन्य यात्री सुविधा का विकास व विस्तार, प्रतीक्षालयों का नवीनीकरण, सर्कुलेटिंग क्षेत्र को बेहतर बनाने सड़कों का चौड़ीकरण, सुव्यवस्थित पार्किंग एरिया डेवलप करना, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, डिजाइनर साइनेजेस, स्टेशन पहुंचने के लिए सुगम मार्ग बनाने जैसे विभिन्न कार्य होंगे।

तेज गति से किया जा रहा काम

स्टेशन डेवलपमेंट के तहत समय सीमा में काम को पूरा करने का आदेश दिया गया है, ताकि यात्रियो को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस कार्य के तहत स्टेशन के दोनों ओर तेज गति से काम किया जा रहा है।

-अनुराग कुमार सिंह, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

मोहले की मृत्यु पर समाज ने शोक संवेदना व्यक्त की

बिलासपुर। दसरंगपुर निवासी मुंगेली विधायक व पूर्व खाद्य मंत्री पुन्नू लाल मोहले के भाई अधिन दास मोहले की सड़क दुर्घटना में मौत हो जाने पर सतनामी समाज में शोक की लहर है। उनके निधन पर सतनामी समाज के लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की है। इसमें प्रमुख राजमहंत व पूर्व जनपद अध्यक्ष पं. उमादत्त घिलहरे, जगदीश लहरे, सुरेश खांडेकर, लक्ष्मी खांडे, संता लहरे, मंजू खांडे, संजय माण्डले, सतेन खांडे, राजेन्द्र खांडे, आनंद कुर्रे, रतीराम बंजारे, ढुर्गेश जांगड़े, ढुर्गेश जांगड़े, धनंजय कुर्रे, मुकेश बंजारे, विजय जाटवर, अमन अनंत, फिरोज खांडे, स्लोक बंजारे, चंद्रवती घृतलहरे, चंद्रप्रभा घृतलहरे, उमाशंकर घिलहरे, पांचों बाई घिलहरे, आशना घिलहरे, अंकिता घिलहरे, संगीता घिलहरे, जयकुमार खांडे, प्रीति खांडे, राजकुमार खांडे, मुस्कान जांगड़े, सुनील लहरे, सहित सतनामी समाज के राजमहंतों, सामाजिक कार्यकर्ताओं ने शोक व्यक्त किया।